शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 277 | गुवाहाटी | बुधवार, 8 मई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कोरोना के कई स्वरूपों का अब एक ही टीके से होगा बचाव पेज 2
लोस चुनाव : राज्य में 74.86 प्रतिशत मतदान पेज 3
रामगोपाल यादव का बयान सनातन आस्था के साथ खिलवाड़ : योगी पेज 5
रोहित को वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ देखना चाहता हूं : युवराज पेज 7

## लोस चुनाव : तीसरे चरण का मतदान समाप्त

### शाह, डिंपल समेत दिग्गजों की किस्मत इवीएम में कैद



**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 61.55 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा की सूचना मिली हैं। चुनाव आयोग के रात आठ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदान हुआ, गोवा में 74.32 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि महाराष्ट्र में 54.98 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। मतदान समाप्त होने का आधिकारिक समय शाम छह बजे था, हालांकि इससे पहले (छह बजे से पहले) मतदान केंद्र पहुंच कतार में लगे मतदाताओं को अवसर प्रदान करने के कारण इसमें इजाफा किया गया। आयोग के अनुसार, ये *अनुमानित* आंकड़े हैं और जैसे-जैसे ब्योरा एकत्र किया जा रहा है, इनके बढ़ने की संभावना है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 57.34 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 67.07 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव में 65.23 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 63.22 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 8.39 करोड़ महिलाओं सहित कम से कम 17.24 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र थे और 18.5 लाख अधिकारियों द्वारा संचालित 1.85 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए गए। गुजरात में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अहमदाबाद के एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस चरण में कद्दावर नेताओं में केंद्रीय मंत्री शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण देने की तैयारी में है : डॉ शर्मा

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि लालू प्रसाद यादव की मुस्लिम आरक्षण संबंधी मांग से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस नेतृत्व वाला इंडी एलाइंस मुसलमानों को आरक्षण देने के एजेंडे पर कार्य कर रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ शर्मा पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के साथ मतदान करने पहुंचे थे। मतदान के बाद डॉ शर्मा यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से मुसलमान को आरक्षण देने की तैयारी कर रखी है।

## म्यांमार से 10 महिलाओं समेत और 50 लोग भागकर आए मिजोरम



**एजल।** म्यांमार से गत दिनों में 10 महिलाओं समेत 50 और लोग पड़ोसी देश के चिन क्षेत्र के पलेतवा से भागकर मिजोरम के लांग्टलाई जिले के गांव ह्इतेजावल में घुस आए हैं। ये लोग म्यांमार के सशस्त्र जातीय संगठन अराकान आर्मी द्वारा जबरन भर्ती के कारण पड़ोसी देश से भागकर आए हैं। इन शरणार्थियों के आने के बाद मिजोरम के 11 जिलो में शरण लेने वाले म्यांमार प्रवासियों की संख्या 34,332 हो गई है। मिजोरम सरकार के अधिकारी ने बताया कि म्यांमार के रखाइन प्रांत की अराकान आर्मी पड़ोसी देश का सबसे बड़ा सशस्त्र जातीय संगठन है। ये म्यांमार सेना के खिलाफ लड़ाई तेज करने के लिए चिन क्षेत्र के युवाओं को जबरन भर्ती कर रही है और जबरन भर्ती के विरोध में युवा भागकर मिजोरम आ रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 10,900 महिलाओं -शेष पृष्ठ दो पर

## देश में बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ अपराध अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। सोनिया ने प्रधानमंत्री मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए देश में नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाताओं से झूठ और नफरत के समर्थकों को खारिज करने का आह्वान किया है। कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा का ध्यान केवल किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने पर है। सोनिया ने कहा कि आज देश के हर कोने में युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है, महिलाओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों को भयानक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। उनका ध्यान किसी -शेष पृष्ठ दो पर

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर एससी ने नहीं दिया कोई फैसला



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें। केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## कुलगाम में मुठभेड़ : 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर बासित डार समेत दो ढेर



**जम्मू-कश्मीर।** दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें से एक आतंकी लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर बासित अहमद डार था। बासित डार ए श्रेणी का आतंकवादी था और 2021 से सक्रिय था। वह श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा बलों और अल्पसंख्यक सदस्यों पर हमलों सहित 18 से अधिक मामलों में शामिल था। आईजीपी कश्मीर वीके बिर्दी ने कहा कि उसके -शेष पृष्ठ दो पर

## शिक्षक भर्ती घोटाला : नियुक्ति रद्द करने के आदेश पर लगी सुप्रीम रोक लेकिन जांच जारी रखेंगी सीबीआई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के 22 अप्रैल के आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल के सरकारी और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को अमान्य कर दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि चूंकि टेंटेड अप्वाइंटमेंट को अलग किया जा सकता है, इसलिए नियुक्तियों को पूरी तरह से रद्द करना नासमझी होगी। हालाँकि, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि अवैध नियुक्तियों का वेतन वापस करना होगा। इसने सीबीआई को उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार मामले की जांच जारी रखने की भी अनुमति दी। हालांकि, अदालत ने जांच एजेंसी से कहा कि उम्मीदवारों या अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। हमारा विचार है कि मामले का शीघ्र निपटान न्याय के हित में होगा, हम दिए गए अंतरिम संरक्षण को जारी रखते हैं। स्पष्ट शर्त के अधीन कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से नियुक्त पाया गया है और वर्तमान के परिणाम के रूप में जारी रखा गया है। अवैध नियुक्ति मामले में वेतन वापसी का निर्देश भी दिया है। मामले में 16 जुलाई को विस्तृत सुनवाई होगी.16 जुलाई से कोर्ट रेगुलर सुनवाई करेगा। बीती सुनवाई में कोर्ट ने भर्ती को रद्द करने -शेष पृष्ठ दो पर

**सुप्रभात**

*प्रत्यक्ष और परोक्ष साधनों के अनुमान से कार्य की परीक्षा करें।*
**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## हमास ने इजराइल के साथ संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार किया

**काहिरा (हि.स.)।** इजराइल के साथ पिछले सात महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिए चरमपंथी समूह हमास ने मिस्र और कतर की ओर से पेश किए गए संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हमास की तरफ से जारी एक बयान में इसकी पुष्टि की गई। संघर्ष विराम प्रस्ताव के संबंध में -शेष पृष्ठ दो पर

## सोनीपत : कीटनाशक दवा के प्रभाव में आए 34 छात्र बीमार



**सोनीपत (हि.स.)।** गांव घसौली स्थित लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल कीटनाशक दवा के छिड़काव होने की वजह से स्कूल के 34 छात्रों की तबियत बिगड़ गई। गन्नौर के उपमंडल अस्पताल के अलावा तीन निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी, एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया उपमंडल अस्पताल में पहुंचे उपचाराधीन बच्चों का हाल-चाल जाना। अधिकारियों ने अपडेट जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल की कुछ कक्षाओं में सोमवार की रात कीटनाशक दवा के छिड़काव के बाद स्कूल आने वाले अलग-अलग कक्षाओं के करीब 34 बच्चे कीटनाशक दवा के कारण तबियत बिगड़ी है। उपमंडल अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सा -शेष पृष्ठ दो पर

## बड़ा एक्शन : बारामूला में जब्त हुईं पाकिस्तानी आतंकियों की भारतीय संपत्ति

**बारामूला (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान में रहने वाले सात आतंकियों की मंगलवार को संपत्तियां कुर्क कीं हैं। बारामूला की अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आतंकियों की संपत्ति की कुर्की आदेश दिया था, इसके बाद पुलिस ने पाकिस्तान स्थित आतंकियों की भारतीय संपत्तियों को कुर्क कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायालय बारामूला से पारित कुर्की आदेश पर पाकिस्तान स्थित आतंकी -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल ने ग्रेजुएट को हर साल एक लाख रुपए और युवाओं को पक्की नौकरी देने का किया वादा



**गुमला (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा के बाद गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के लिए वोट मांगे। साथ ही केंद्र में सरकार बनने पर नौकरी का अधिकार देने, ग्रेजुएट के खाते में हर साल एक लाख रुपए डालने और बेहतर काम करने वालों की नौकरी पक्की करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे युवाओं के लिए ऐसी योजना लाएंगे कि उनकी पहली नौकरी पक्की मिलेगी। ये नौकरी देश के अच्छे प्राइवेट संस्थानों में दी जाएगी। साथ ही कहा कि वे सेना से अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे और सबके लिए एक जैसी नौकरी होगी। उन्होंने किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की बात कही। साथ ही कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पहला अधिकार है लेकिन भाजपा आपको वनवासी कहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों की -शेष पृष्ठ दो पर




## 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने पुतिन, 33 शब्दों में ली शपथ



**मॉस्को।** 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में 33 शब्दों में अपने पद की शपथ ली। खास बात यह है कि इसी जगह पर रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन की शपथ और राष्ट्रगान के बाद सेना ने उन्हें 21 तोपों की सलामी दी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं। शपथ के बाद पुतिन ने कहा कि हम और मजबूत होंगे और उन देशों के साथ रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। बता दें कि रूस में 15-17 मार्च को हुए चुनाव में पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि उनके विरोधी निकोले खारितोनोव को सिर्फ 4 प्रतिशत वोट मिले थे। मीडिया जानकारी के अनुसार पुतिन के शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों ने बहिष्कार किया है। पुतिन ने अपने संबोधन कहा कि हम पश्चिमी देशों के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। यह उन पर निर्भर करता है कि वे हमसे बातचीत करना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने लगातार रूस में विकास को रोकने की कोशिश की है। वे सालों से हमारा खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाते आए हैं। लेकिनहम यूरोप और एशिया में अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर के लिए काम करते रहेंगे। हम चाहते हैं कि सभी देशों के पास एक जैसी सुरक्षा व्यवस्था हो। आजादी और एकता बनाए रखने के लिए रूस का सोशल-पॉलिटिकल सिस्टम लचीला होना चाहिए। हमें हर वक्त किसी भी चुनौती या खतरे के लिए तैनात रहना होगा। शपथ ग्रहण समारोह में रूस की फेडरेल काउंसिल के सदस्य (सीनेट के सांसद), स्टेट ड्यूमा के सदस्य (निचले सदन के सांसद), हाईकोर्ट के जज, अलग-अलग देशों के राजदूत और डिप्लोमैटिक कॉर्प्स शामिल हुए। 2018 में पुतिन के चौथे शपथ ग्रहण में जर्मनी के पूर्व चांसलर जेरहार्ड श्रोडर समेत करीब 6 हजार लोग मौजूद रहे थे। -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान के सेना अफसर कर रहे बच्चों का यौन शोषण, सौ मासूमों के छह सौ वीडियो मिले



**पेशावर।** पाकिस्तान अभी अपने राजनीतिक संकट से पूरी तरह उभरा नहीं था कि पाकिस्तानी सेना का काला कारनामा सामने आने से देश में भूचाल मच गया है। पाक सेना के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का खुलासा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा के कबाइली इलाकों में तैनात कर्नल से मेजर रैंक तक के कुछ अफसरों के बच्चों से यौन शोषण के 600 से ज्यादा वीडियो सामने आए हैं। पीड़ित बच्चों की उम्र 14 साल से कम बताई गई है। लगभग 100 से ज्यादा बच्चों का पांच साल से यौन शोषण किया जा रहा था। कुछ अफसरों को पाराचिनार कैंट से पेशावर कमांड -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# कोरोना के कई स्वरूपों का अब एक ही टीके से होगा बचाव

## *वैज्ञानिकों ने खोजी ऑल इन वन वैक्सीन की तकनीक*

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस को मात देने के लिए वैज्ञानिकों ने एक नया तरीका खोज निकाला है। अपने स्वरूप बदलने वाले इस वायरस से महज एक टीके के जरिए बचाव संभव हो सकता है। अमेरिका और यूरोप के वैज्ञानिकों ने मिलकर एक नया ऑल इन वन टीका खोजा है जो ओमिक्रॉन, डेल्टा, एल्फा, गामा, एक्स सहित कोरोना के सभी स्वरूपों से बचाव कर सकता है। सोमवार को *नेचर नैनोटेक्नोलॉजी* में वैज्ञानिकों का यह शोध प्रकाशित हुआ है, जिसमें कहा है कि यह नई खोज टीका विकास के दृष्टिकोण प्रोएक्टिव वैक्सीनोलॉजी पर आधारित है। ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज विवि और अमेरिका में कैलटेक के शोधकर्ताओं ने मिलकर यह अध्ययन किया है, जिसमें कोरोना वायरस के आठ अलग-अलग स्वरूपों पर इसके प्रभाव की जांच भी की गई। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रोरी हिल्स ने बताया कि उनका यह अध्ययन एक ऐसा टीका बनाने पर है, जो अगली कोरोना महामारी से बचाने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए नए टीके में कोरोना वायरस शामिल नहीं है लेकिन फिर भी यह उस वायरस के प्रति इंसानों में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें नए कोरोना वायरस की महामारी आने तक इंतजार नहीं करना चाहिए।

# कांग्रेस ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर उठाए सवाल

## खड़गे ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं को पत्र लिखा है। इस पत्र में चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और कथित धांधली का आरोप लगाया है। पत्र में खड़गे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से अपील की कि वे ऐसी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाएं। खड़गे ने लिखा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की संस्कृति की रक्षा करना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (आई.एन.डी.आई.ए.) के तौर पर यह हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि हम लोकतंत्र की रक्षा करें और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को बचाएं। खड़गे ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में हुए फेरबदल पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि यह अंतिम नतीजों में फेरबदल करने की कोशिश हो सकती है। खड़गे ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पहले दो चरणों में मतदान के रुझानों को देखते हुए पीएम मोदी और भाजपा परेशान है। पूरा देश जानता है कि यह तानाशाही सरकार सत्ता के नशे में चूर है और अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान प्रतिशत और डाटा साझा करने में हुई देरी पर विपक्षी पार्टियां सवाल उठा रही हैं। पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत कम रहा। हालांकि चुनाव आयोग ने मतदान के कई घंटे बाद मतदान प्रतिशत के नए आंकड़े जारी किए, जिसमें मतदान प्रतिशत में 5-6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। इस विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि आंकड़े जारी करने में इतनी देरी क्यों लगी? विपक्ष ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान हो रहा है, जिसमें 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

# डिमोरिया में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** तीसरे चरण के लोकसभा निर्वाचन के तहत नवगठित डिमोरिया विधानसभा के मतदान केद्रों पर सुबह से ही लोगों की काफी भीड़ देखी गई। सुबह से ही रुक रुक कर हो रही हल्की बरसात के बीच भी काफी संख्या में लोग मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे। बड़े, बुजुर्ग और पहले बार अपना मत का प्रयोग करने वाले मतदाताओं के बीच काफी उत्साह देखा गया। कुछ मतदान केद्रों पर शुरुआती समय में ईवीएम की गड़बड़ी की वजह से मतदान शुरू करने में कुछ देरी हुई। मालयबारी हाई स्कूल के 193 नंबर दाहिनी शाखा वोट केंद्र पर 2 घंटे के लिए ईवीएम खराब होने की वजह से मतदाताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। 1270 मतदाता वाले इस केंद्र पर ईवीएम ठीक होने के बाद मतदान देने पहुंचे लोगों ने अपने मतदान का प्रयोग किया। डिमोरिया हाई स्कूल के 208 नंबर केंद्र के पूर्व शाखा वोट केंद्र 447 नंबर पर दिगंत राहांग (40) अपने घर से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे लेकिन उन्हें मत का प्रयोग किए बीना ही घर लौटना पड़ा। मतदान केंद्र में मौजूद निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उनका वोट पोस्ट वोट प्रदान किया गया है। दिगंत ने बताया कि वह सरकारी नौकरी नहीं करते हैं और उसका वोट पोस्टल वोट कैसे पड़ा है इससे वह आश्चर्य में हैं। कुछ केंद्रों पर धीमा मतदान देर शाम तक चला। 1480 मतदाता वाले जोराबाद एलपी स्कूल के 104 नंबर बायां शाखा केंद्र पर काफी भीड़ होने की वजह से रात 8:00 बजे तक मतदान प्रक्रिया जारी थी। 672 मतदाता वाले 105 दाहिनी शाखा का मतदान 4:00 बजे तक संपन्न हो गया। डिमोरिया के सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। अर्धसैनिक बलों के अलावा राज्य पुलिस की भी तैनाती की गई थी। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता को 5:00 बजे शाम तक की प्रवेश करने दिया गया।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा इलाके में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, दो लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिलासीपाड़ा से सापर की ओर जा रही टाटा मोबाइल वाहन (एएस-27सी-3885) द्वारा ठोकर मारे जाने से भोलू नाथ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, डूम्ब नाथ को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-17 के सालकोसा इलाके में हुई। सड़क दुर्घटना के बाद वाहन सड़क के किनारे पलट गया। दुर्घटना स्थल से वाहन चालक फरार होने में सफल रहा। घटना के समय मृतक और घायल मतदान करने के बाद अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दोनों सड़क हादसे के शिकार हो गए। घटना की खबर मिलते ही सालकोसा पुलिस मौके पर पहुंची मृत व्यक्ति का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# प. बंगाल में भारी बारिश और आंधी-तूफान से 12 की मौत

**कोलकाता ( हि.स. )।** पश्चिम बंगाल में भीषण गर्मी के बीच सोमवार शाम बाद हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान से 12 लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने आज बताया कि सोमवार को दक्षिण बंगाल में भारी बारिश हुई है। इस दौरान आंधी-तूफान के बीच छह लोग काल-कलवित हो गए। उधर, मौसम के बदलाव से कोलकाता और कुछ जिलों के लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक नादिया, पुरुलिया और पूर्व बर्दवान जिले सहित दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में एक विवाहित जोड़े सहित छह लोगों की मौत हो गई। बारिश की वजह से पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन की सियालदह-कैनिंग लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं एक घंटे से अधिक समय तक प्रभावित रहीं। आंधी-तूफान के दौरान केले के पत्ते ओवरहेड इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन वायर पर गिर गए। रेलवे ने बताया कि रात आठ बजे से 9.15 बजे तक ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अनुसार खराब मौसम के कारण कोलकाता आने वाली तीन उड़ानों का डायवर्ट करना पड़ा। इसके अलावा कोलकाता से रांची जाने वाली एक उड़ान को पार्किंग-वे में लौटना पड़ा क्योंकि वह आंधी के कारण उड़ान नहीं भर सकी। मौसम विज्ञान विभाग ने 10 मई तक क्षेत्र में आंधी-तूफान का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने कहा कि दक्षिण झारखंड पर चक्रवाती परिसंचरण और बंगाल की खाड़ी से नमी के तेज प्रवाह के कारण पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के साथ बिजली की चमक-गरज के साथ तेज हवाएं चलेंगी।

# तालाब में डूबने से मासूम छात्रा की मौत

**गोलाघाट ( हि.स. )।** गोलाघाट जिले के बोकाखात के डिफलू चाय बागान इलाके में स्थित तालाब में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को जिले के डिफलू चाय बागान इलाके में स्थित पोखर में डूबने की वजह से पुष्पा काकती (10) नामक छात्रा की मौत हो गई। घटना के समय मृत छात्रा कुछ बच्चों के साथ तालाब के किनारे खेल रही थी। इसी दौरान वह तालाब में डूब गई। तालाब में डूबने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने छात्रा को तालाब से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की हुई अचानक मौत की वजह से इलाके में मातम छाया हुआ है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
PULMONOLOGIST & ALLERGIST
DR. JEBIN ROGER S
MD-Pulmonology(CMC Vellore),DNB-Respiratory Med,Diploma in Allergy & Asthma (CMC Velllore)
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 18th &19th May'2024
Patients with dust Allergy, Cough/Cold, Phelgm/Wheezing, Shortness of Breath/Chest Pain, Lung infections/Water or pus in the Lungs, TB/Pneumonia, Sleep disorders, Breathing problems etc can register in advance
APOLLO HOSPITALS INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

Apollo HOSPITALS
APOLLO HOSPITALS CHENNAI
PLASTIC & COSMETIC SURGEON
Dr. Ganapathy Krishnan MBBS,MS(General Surg),Mch.(Plastic Surg)
Will be available only for consultation at GUWAHATI
on 12th May'2024
Patient suffering from Nose deformities, Birth defects, Hand Surgery, Scar correction and similar problems can register their names:
APOLLO HOSPITALS INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# *पृष्ठ एक का शेष*

## *लोस चुनाव : तीसरे ...*

पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) शामिल हैं। इस चरण में भाजपा के लिए काफी कुछ दांव पर हैं क्योंकि पिछले चुनाव में उसने गुजरात, कर्नाटक और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल की थी। उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार के कुछ सदस्य इस चरण में किस्मत आजमा रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता मैनपुरी में *बूथ लूटने* की कोशिश कर रहे थे और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। यादव ने मैनपुरी निर्वाचन क्षेत्र के सैफई (इटावा) में अपना वोट डाला, जहां उनकी पत्नी और मौजूदा सांसद डिंपल यादव चुनाव लड़ रही हैं। आयोग ने कहा कि उत्तर प्रदेश में, आगरा में 51.53 प्रतिशत, एटा में 57.07, आंवला में 54.73, फतेहपुर सीकरी में 54.93, फिरोजाबाद में 56.27, बदायूं में 52.77, बरेली में 54.21, मैनपुरी में 55.88, संभल में 61.10 और हाथरस में 53.54 प्रतिशत मतदान हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर मैनपुरी में *बूथ* लूटने के प्रयास का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने पिछले चुनाव में भी बूथ लूटा था तब भी वे बुरी तरह हारे थे। ये फिर बूथ लूटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कुछ जगहों पर वोटों में धांधली का भी आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ जगहों से सूचना मिली है कि सरकार बल प्रयोग कर रही है। मतदान केंद्रों के बाहर अधिकारियों को तैनात किया गया है। बदायूं में ढोरनपुर के ग्रामीणों ने सड़क की मांग पर ध्यान न देने पर नेताओं के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया।

## *म्यांमार से 10 महिलाओं...*

और 13,310 बच्चों समेत म्यांमार के 34,334 के नागरिक मिजोरम में राहत शिविरों में रह रहे हैं और कुछ अन्य अपने रिश्तेदारों अथवा किराये के मकानों में ठहरे हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष मई में पड़ोसी राज्य मणिपुर में हुई जातीय हिंसा के बाद से तकरीबन 10 हजार और लोग राज्य में शरण लिए हुए हैं। वहीं बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी इलाकों के 1,167 लोगों ने भी 2022 से मिजोरम में शरण ले रखी है।

## *देश में बेरोजगारी और ...*

भी कीमत पर सिर्फ सत्ता हासिल पर है। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैंने हमेशा सभी की तरक्की और वंचितों को न्याय दिलाने के साथ ही देश को मजबूत करने के लिए संघर्ष किया है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। सोनिया ने कहा कि हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, हमारे गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न होने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है। आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं। सोनिया ने कहा कि हमारा न्याय पत्र और हमारी गारंटियों का मकसद भी देश को एकजुट रखना और गरीबों, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों को ताकत देना है। मतदाताओं से देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि झूठ और नफरत के समर्थकों को खारिज करें और सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। आइए हम सब मिलकर एक मजबूत, अधिक एकजुट भारत का निर्माण करें, जिसमें सभी के लिए शांति और सद्भाव हो।

## *कुलगाम में मुठभेड़ : 10 लाख ...*

सिर पर 10 लाख रुपए का इनाम था। मौके पर से मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। किसी को भी कश्मीर में चुनाव, शांतिपूर्ण माहौल में खलल डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। आईजीपी कश्मीर ने कहा कि सोमवार दोपहर को पुलिस को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर घेराबंदी कर दी। आज सुबह, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गहन मुठभेड़ शुरू हो गई जो दोपहर तक चली। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में कुलगाम के रेडवानी के प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) संगठन का शीर्ष कमांडर बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन आज दोपहर समाप्त हो गया, लेकिन विस्फोटकों का मलबा हटाने के लिए तलाशी अभियान अभी भी जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए दूसरे आतंकवादी की पहचान की जा रही है। शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है। ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। पुंछ हमले के बाद सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

## *शिक्षक भर्ती घोटाला ...*

के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उधर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई इस मामले में किसी भी अधिकारी या उम्मीदवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से भी तीखे सवाल पूछे हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि जब भर्ती प्रक्रिया पर पहले से सवाल उठ रहे थे तो नई नियुक्तियां क्यों की गईं? अदालत में वकील नीरज कौशल कौल ने पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षकों और छात्रों के अनुपात को देखकर ही भर्तियां की गईं थीं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने भी 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को अवैध नहीं कहा है। राज्य सरकार के दूसरे वकील जयदीप गुप्ता ने हाईकोर्ट के फैसले को गलत करार देते हुए कहा कि यह शीर्ष अदालत के ही फैसले के विपरीत है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने का फैसला हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने सवाल पूछा कि शिक्षक भर्ती से जुड़ी कॉपियां क्यों खत्म की गईं? जिसके जवाब में वकील ने कहा कि कॉपियां अब नहीं मिल सकती। सुप्रीम कोर्ट ने फिर पूछा का आखिर ऐसा कैसे हो सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो लोग अपना भरोसा खो देंगे। बता दें कि शीर्ष अदालत ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को स्थगित कर दी थी, इनमें बंगाल सरकार की याचिका भी शामिल है।

## *केजरीवाल की जमानत ...*

तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू का कहना है कि गिरफ्तारी का फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था। शीर्ष अदालत ने मुख्यमंत्री की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि न्यायालय यह नहीं चाहता कि वह अंतरिम जमानत मिलने पर सरकारी कामकाज करें। अगर आपके मुवक्किल सरकारी कामकाज करते हैं तो यह हितों का टकराव होगा और हम ऐसा नहीं चाहते। सिंघवी ने पीठ को आश्वासन दिया कि अगर केजरीवाल को मामले में अंतरिम जमानत मिल जाती है तो वह आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी कोई फाइल नहीं देखेंगे। ईडी ने केजरीवाल के लिए अंतरिम जमानत पर सुनवाई करने की शीर्ष कोर्ट की राय का विरोध किया। एजेंसी ने कहा कि अदालत नेताओं के लिए अलग श्रेणी नहीं बना सकती। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से कहा कि देश में इस समय सांसदों से जुड़े करीब 5,000 मामले लंबित हैं। क्या उन सभी को जमानत पर छोड़ दिया जाएगा? क्या एक किसान का महत्व किसी नेता से कम है जिसके लिए फसलों की कटाई और बुवाई का मौसम है? मेहता ने कहा कि केजरीवाल ने यदि जांच में सहयोग किया होता तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता, लेकिन उन्होंने नौ समन की अवहेलना की। उन्होंने कहा कि यह धारणा बड़ी सफलता के साथ पैदा की जा रही है कि अरविंद केजरीवाल ने कुछ नहीं किया है, लेकिन उन्हें चुनाव से ऐन पहले गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही कथित तौर पर फंड मिला था। ईडी के वकील एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला नहीं है। हम इस मामले में हो रही राजनीति को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन हमारी चिंता सबूतों को लेकर है। शुरुआत में अरविंद केजरीवाल पर हमारा फोकस नहीं था और न ही ईडी केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई का विचार कर रही थी, लेकिन जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो केजरीवाल की भूमिका साफ हो गई।

## *सोनीपत : कीटनाशक दवा...*

अधिकारी टीना आनंद ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा करीब 14 बच्चों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसकी सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत बेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ को स्कूल में भेजा तो वहां और बच्चे भी थे, जिनकी हालत खराब थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस भेज कर उन बच्चों को भी अस्पताल में लाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उपमंडल अस्पताल में 12 बच्चे दाखिल थे। उपचार के बाद सभी बच्चों की हालत में सुधार आ गया तो उनकी छुट्टी कर दी गई। शहर के महाराजा अग्रसेन अस्पताल में 20, अग्रवाल अस्पताल व विद्यादेवी अस्पताल में 1-1 बच्चे दाखिल थे। इनमें भी सभी बच्चों की हालत में सुधार है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने स्कूल प्रबंधन को बुधवार को स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि बुधवार को स्कूल को बंद रख जिन कक्षाओं में कीटनाशक दवा का स्प्रे किया गया है उनकी अच्छी तरह से सफाई करवाई जाए। विधायक निर्मल चौधरी के निर्देश पर एसडीएम डा. निर्मल नागर ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। सूचना के बाद बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार पहले स्कूल में पहुंचे और उन्होंने मौके का निरीक्षण किया। स्कूल का निरीक्षण करने के बाद वह उपमंडल अस्पताल में पहुंचे और उपचाराधीन बच्चों के ब्यान लिए। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायत मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## *बड़ा एक्शन : बारामूला...*

संचालकों की लाखों रुपए मूल्य की संपत्तियां (13 कनाल) कुर्क की गईं। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई 88 सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है। यह कार्यवाही पुलिस स्टेशन क्रेरी में विभिन्न एक्ट के तहत दर्ज मामले से जुड़ी हुई है। पुलिस की जांच और पूछताछ के दौरान पाकिस्तान में बैठकर आतंक का संचालन करने वालों की पहचान शेखपोरा निवासी शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पायीन निवासी गुलाम नबी अलई, वारपोरा बाला निवासी गुलाम नबी शेख, शरीफ उद दीन चोपन, रेशीपोरा औथूरा के गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्थर तिलगाम के अब्दुल हमीद पार्रे के रूप में हुई है।

## *राहुल ने ग्रेजुएट को ...*

भाषा-संस्कृति को कुचलना चाहती है जबकि कांग्रेस उनकी उनका संरक्षण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में भी कई खामियां हैं। सरकार बनी तो एक टैक्स सिस्टम बनाएंगे। राहुल ने कहा कि मनरेगा में 250 रुपए मजदूरी मिलती है। यह हमारी योजना थी। नरेंद्र मोदी इसको ठीक से लागू नहीं करते। हमारी सरकार बनी तो मनरेगा में 400 रुपए मजदूरी मिलेगी। आशा और आंगनबाड़ी की महिलाओं की राशि दोगुनी करेंगे। किसानों का कर्जा मोदी सरकार ने माफ नहीं किया। हमारी सरकार बनी तो गरीब किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही एमएसपी देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया है। आज युवा ठेकेदारी प्रथा में काम कर रहे हैं। चेहरा अच्छा नहीं तो नौकरी से निकाल देते हैं। हम सरकार में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे। पेंशन के साथ नौकरी देंगे। अमीर परिवार के बच्चे जॉब मार्केट में जाने से पहले एक साल की नौकरी करते हैं। इसके बाद अच्छा काम करने पर उनकी नौकरी कंपनियों में पक्की हो जाती है। इससे सबक लेते हुए हम हर वर्ग के ग्रेजुएट युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि आपको निर्णय लेना है कि अडानी और मोदी की सरकार बनानी है या किसान, गरीब, दलित, पिछड़ों की। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का आदिवासी समाज के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। इंदिरा गांधी हमेशा आदिवासी समाज की चिंता करती थीं। हमारी सरकार बनी तो सरना कोड लागू कर देंगे। साथ ही कहा कि दिल्ली में मैं आपका सैनिक हूं। आप मुझे बताओ। मैं पूरी कोशिश करके आपका काम पूरा करुंगा। आपके जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ूंगा। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो सबसे पहले गरीब परिवारों की एक सूची बनेगी। इसमें हर परिवार की एक महिला के अकाउंट में एक लाख रुपए दिए जाएंगे। उनके अकाउंट में हर महीना आठ हजार 500 रुपए दिए जाएंगे।

## *5वीं बार रूस के ...*

इसका लाइव टेलीकास्ट भी किया गया था। समारोह के बाद रूस के ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पेट्रिआर्क राष्ट्रपति के साथ कैथेड्रल चर्च में प्रार्थना की। यह प्रथा साल 1498 से जारी है, जब मॉस्को के प्रिंस दिमित्री इवानोविच का विवाह हुआ था। सेरेमनी की शुरुआत में रूस का प्रेसिडेंशियल बैंड वही धुन बजाता है, जो 1883 में एलेक्जेंडर 3 की ताजपोशी के वक्त बजाई गई थी। समारोह की शुरुआत में रूस के पद छोड़ रहे पुराने राष्ट्रपति क्रेमलिन रेजीमेंट की समीक्षा करते हैं। यह रेजीमेंट रूसी सेना की एक खास यूनिट है, जिस पर क्रेमलिन की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है। इसके बाद पुराने राष्ट्रपति ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस जाते हैं। क्रेमलिन पैलेस के अलेक्जेंडर हॉल में रूस का झंडा और *रशियन स्टैंडर्ड ऑफ द प्रेसिडेंट* का फ्लैग लाया जाता है। इसके अलावा यहां राष्ट्रपति की चेन ऑफ ऑफिस भी रखी जाती है। रूस की संवैधानिक कोर्ट के अध्यक्ष संविधान की कॉपी को पोडियम पर रखते हैं। शपथ ग्रहण में इस्तेमाल होने वाली संविधान की कॉपी बेहद खास होती है। इसका कवर लाल रंग का होता है। इस पर सुनहरे रंग से *कॉन्स्टीट्यूशन ऑफ रशिया* लिखा होता है। इसके अलावा सिल्वर रंग में रूसी *कोट ऑफ आर्म्स* की तस्वीर बनी होती है। संविधान की इस कॉपी को राष्ट्रपति की लाइब्रेरी में रखा जाता है। चेन ऑफ ऑफिस राष्ट्रपति पद का प्रतीक होती है। इसके बीच में *ऑर्डर फॉर मेरिट टु द फादरलैंड* का रेड क्रॉस बना होता है। क्रॉस के पीछे गोलाकार में बेनिफिट, ऑनर एंड ग्लोरी लिखा होता है।

## *पाकिस्तान के सेना ...*

हेडक्वार्टर बुला लिया गया है। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हसन अजहर हयात ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इनकार किया है। सेना का दावा है कि तीन साल पहले भी अफसरों पर 13 साल के लके के यौन शोषण के आरोप लगे थे जो झूठे पाए गए थे। इस बीच, एफआईआर के बाद पुलिस ने यौन शोषण केस में एक स्थानीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इंकार किया है। पुलिस के अनुसार इलाके का एक दुकानदार ताहिर कबादी जो सेना का करीबी था, गरीब बच्चों की सप्लाई करता था। वह बच्चों को लालच देकर अफसरों के पास भेजता था और उसी ने बच्चों के यौन शोषण के वीडियो भी बनाए। इससे वह बच्चों के माता-पिता से पैसे भी ऐंठता था। साथ ही वीडियो के जरिए वह बच्चों को ब्लैकमेल करके बार-बार अफसरों के पास भेजता था। पुलिस ने उसके लैपटॉप से ये वीडियो बरामद किए हैं। खुर्रम के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेना के कुछ अफसरों पर पहले भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे, लेकिन पाक सेना के मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों ने पुलिस वालों पर दबाव डालकर आरोपियों को छुड़ा लिया था। पाकिस्तान में 2015 में बच्चों के यौन शोषण के वीडियो वायरल करने का बा रैकेट सामने आया था। इसमें करीब 400 वीडियो थे। इन वीडियो को 50-50 रुपए में बेचा गया था। हालांकि, इस मामले में फौज के अफसर शामिल नहीं थे।

## *हमास ने इजराइल के ...*

हमास ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि हमास के सर्वोच्च नेता इस्माइल हानिया ने कतर के प्रधानमंत्री और मिस्त्र के खुफिया मामलों के मंत्री को फोन पर यह जानकारी दी। मध्य पूर्व के ये दो देश इजराइल और हमास के बीच महीनों से जारी बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं। इजराइल ने इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

# लोस चुनाव : राज्य में 74.86 प्रतिशत मतदान



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम में लोकसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान आज राज्य की कुल 14 में से चार लोकसभा सीटों पर सुबह 07 बजे शुरू हुआ। शाम पांच बजे तक कुल 74.86 फीसद मतदान रिकार्ड हुआ है। चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य की बरपेटा सीट पर 76.20 फीसदी, धुबड़ी में 79.20 फीसदी, गुवाहाटी में 67.68 फीसदी और कोकराझाड़ में 74.24 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अब तक की जानकारी के अनुसार मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है, जिसके चलते मतदान प्रतिशत में इजाफा होने की संभावना है। मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में सुरक्षा वालों को तैनात किया गया है। ज्ञात हो कि पहले चरण में 19 अप्रैल को असम की पांच लोकसभा सीट जोरहाट, लखीमपुर, काजीरंगा, डिब्रूगढ़ और शोणितपुर के लिए मतदान हुआ था, वहीं दूसरे चरण में भी 26 अप्रैल को पांच सीटों दरंग-उदालगुड़ी, डिफू, करीमगंज, नगांव तथा सिलचर में मतदान हुआ था।

## नशीला पदार्थ समेत एक तस्कर गिरफ्तार

**बरपेटा ( हि.स. )।** बरपेटा जिले के सर्थेबाड़ी के हारीघाट इलाके में पुलिस ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में नशीला टैबलेट और प्रतिबंधित खांसी की कफ सिरप कोरेक्स की बोतलों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया है कि बरपेटा जिले के डीएसपी हितेश बर्मन और सर्थेबाड़ी पुलिस थाना प्रभारी मनोरंजन कोंवर के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर सर्थेबाड़ी के हारीघाट इलाके से स्विफ्ट कार (एएस-06जी-2005) से भारी मात्रा में नशीला टैबलेट और कोरेक्स कफ सिरप की बोतलें बरामद की। इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। तस्कर की पहचान दिगंत डेका के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपित बनियाकुची का रहने वाला बताया गया है। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर से सघन पूछताछ कर रही है।

# एपीएससी घोटाला : गौहाटी उच्च न्यायालय में निलंबित अधिकारी की याचिका खारिज

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गौहाटी उच्च न्यायालय ने निलंबित असम पुलिस सेवा (एपीएस) अधिकारी सुकन्या दास की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने एपीएससी कैश-फॉर-जॉब घोटाले में उन्हें आरोपी के रूप में नामित करने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। दास को शुरू में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।




एपीएससी नियुक्तियों में रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच के मामले में नवंबर 2023 में जांच की दिशा नाटकीय रूप से बदल गई। घोटाले की जांच कर रही एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने नए सबूत के दावे के आधार पर सुकन्या दास को गिरफ्तार कर लिया। कथित तौर पर इस सबूत से पता चलता है कि दास ने संभवत: अन्य आरोपितों के सहयोग से गैरकानूनी तरीकों से अपना पद सुरक्षित किया था। दास की कानूनी टीम ने उनकी स्थिति में बदलाव का यह तर्क देते हुए विरोध किया कि निचली अदालत में उचित कानूनी साक्ष्य का अभाव था। उनका प्राथमिक तर्क आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 173(8) द्वारा अनिवार्य एक। महत्वपूर्ण पुलिस रिपोर्ट मौजूद नहीं होने पर केंद्रित था। उन्होंने तर्क दिया कि अदालत द्वारा किसी को आरोपित के रूप में नामित करने से पहले यह रिपोर्ट एक आवश्यक है। उच्च न्यायालय के मामले में पीठासीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति मृदुल कुमार कलिता ने धारा 173(8) रिपोर्ट के गायब होने की बात स्वीकार की। हालांकि, उनके फैसले में कहा गया कि आक्षेपित आदेश में ऐसा कुछ भी नहीं है जो दर्शाता हो कि विद्वान विशेष न्यायाधीश ने वर्तमान याचिकाकर्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 5 के तहत अपराध का संज्ञान लिया है। विद्वान अतिरिक्त लोक अभियोजक द्वारा की गई दलील से यह प्रतीत होता है कि याचिकाकर्ता के लिए विद्वान वरिष्ठ वकील द्वारा उठाई गई याचिका अपरिपक्व है, क्योंकि वर्तमान याचिकाकर्ता के खिलाफ आगे की जांच अभी तक समाप्त नहीं हुई है और जांच अधिकारी ने अभी तक वर्तमान याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 173 (8) के तहत रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि निचली अदालत के आदेश में तत्काल सुनवाई के लिए दास के खिलाफ अपराध का संज्ञान लेना शामिल नहीं है। न्यायाधीश ने बताया कि घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की आगे की जांच को सुविधाजनक बनाने के लिए स्थिति में बदलाव एक प्रक्रियात्मक कदम था। उच्च न्यायालय के फैसले ने एसआईटी के लिए एपीएससी भर्ती घोटाले में दास की संभावित भूमिका की जांच जारी रखने का मार्ग प्रशस्त किया है। अदालत ने कहा कि दास के खिलाफ मुकदमा चलाने का अंतिम निर्णय जांच के पूरा होने और एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर औपचारिक आरोप पत्र दाखिल करने पर निर्भर करेगा।

## मेघालय में तूफान, 483 घर क्षतिग्रस्त

**शिलांग ( हि.स. )।** मेघालय में तूफान के साथ भारी वर्षा के कारण 480 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। मेघालय के आपदा प्रबंधन मंत्री किरमेन शायला ने इसमें प्राकृतिक आपदा में 483 घरों के साथ ही दो स्कूल और एक चर्च क्षतिग्रस्त हो गए। इससे राज्य भर में 950 लोग प्रभावित हुए। रविवार से ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई जो सोमवार की देर रात तक राज्य के कई हिस्सों में जारी रही। मंत्री के अनुसार राज्य के कुल 12 में से सात जिले इससे प्रभावित हुए हैं। राज्य का पश्चिमी खासी हिल्स का पूर्वी हिस्सा सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिला उपायुक्तों द्वारा राहत और बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। तूफान के कारण हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि जिला प्रशासन प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। प्रशासन से तुरंत राहत पहुंचाने को कहा गया है।

## अरुणाचल भाजपा ने 28 बागियों को पार्टी से किया निष्कासित

**इटानगर ( हि.स. )।** अरुणाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने 28 बागियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इन सभी को चुनाव के दौरान पार्टी के विरुद्ध बगावत करने के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया। भाजपा द्वारा मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार इन 28 नेताओं ने आसन्न लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के दौरान दूसरी पार्टियों से तथा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। पार्टी के अनुशासन की धज्जियां उड़ाते हुए इन सभी ने पार्टी के विरुद्ध कार्य किया। पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए इन्हें 6 साल की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया गया। आज जारी एक आधिकारिक आदेश में इन्हें निष्कासित करने की बात कही गई है।

# माहेश्वरी युवा संगठन नगांव की गठित नई सभा का उद्घाटन व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**नगांव ( नि.सं. )।** अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन नगांव शाखा का उद्घाटन व शपथ ग्रहण समारोह रविवार को यहां होटल शिबो में संपन्न हुआ। इस समारोह में अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वांचल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर चांडक, पूर्वोत्तर प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश राठी, महामंत्री नितेश लाखोटिया, अंचल छह के उपाध्यक्ष अनिल लाखोटिया, संगठन मंत्री कैलाश चितलांगिया कोषाध्यक्ष राजेश झंवर, नगांव जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संपत कुमार धूत, सचिव महावीर झंवर, माहेश्वरी महिला समिति नगांव की अध्यक्ष किरण धूत, सचिव सरला चांडक सहित पूर्वोत्तर के अन्य सदस्यगण तथा नगांव के काफी संख्या मे सदस्यगण उपस्थित थे। समारोह का संचालन करते हुए मनीष माहेश्वरी ने सभी अतिथियो एंव पदाधिकारीयो को मंचासीन करवाया। सभी अतिथियो ने मिलकर भगवान महेश की छवी के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया और माहेश्वरी महिला समिति नगांव की सदस्याओ ने महेश वंदना प्रस्तुत की। इस समय सभागार मे

### नितिन मुंदड़ा अध्यक्ष व पूजा माहेश्वरी बनी सचिव



उपस्थित सभी ने खड़े होकर महेश वंदना मे सहभागिता निभाई और माहौल एकबार के लिए भक्तिमय हो गया। मंचासीन सभी अतिथियो व पदाधिकारियो का फुलाम गोमछा पहनाकर अभिनंदन किया गया। नगांव जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संपत कुमार धूत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि बहु प्रतीक्षित महेशवरी युवा संगठन के गठन से युवाओं द्वारा समाज एक नया मुकाम प्राप्त करेगा। गुवाहाटी से पधारे मोटिविशनल स्पीकर कृष्ण कुमार मिमानी ने सभा मे अपने विचार प्रकट करते हुए संगठन की आवश्यकता और उपयोगिता पर चर्चा की। पूर्वोत्तर प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश राठी ने माहेश्वरी युवा संगठन के बारे मे विस्तार से प्रकाश डाला। बाद मे नगांव जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संपत कुमार धूत ने माहेश्वरी युवा संगठन नगांव के स्थापना की घोषणा करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारी क्रमश नितिन मुंदड़ा, सचिव पूजा माहेश्वरी व कोषाध्यक्ष हिमांशु मनिहार के नामो का एलान किया और सभी को मंचासीन करवाया गया। पूर्वोत्तर प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन ने नवनियुक्त पदाधिकारीयो का फुलाम गोमछा पहनाकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात अध्यक्ष नितिन मुंदड़ा ने वक्तव्य देते हुए अपने भावी कार्य योजना के बारे मे बताया। अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वांचल के उपाध्यक्ष महावीर चांडक ने नवनियुक्त संगठन को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि युवा संगठन नई बुलंदियो को छुएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी का वो शुभकामना संदेश प्रसारित कर सुनाया जो उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष व सचिव को अपने गंतव्य से प्रेषित किया था। धन्यवाद ज्ञापन नवनियुक्त सचिव पूजा माहेश्वरी ने किया और राष्ट्रीय गान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## मतदान केंद्र पर धांधली का आरोपित बीपीएफ कार्यकर्ता हिरासत में

**कोकराझाड़ ( हि.स./निस )।** असम में तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के दौरान आज कोकराझाड़ में मतदान केंद्र पर धांधली करने के आरोपित एक बोड़ोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद पूरे इलाके में उत्तेजना की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह घटना कोकराझाड़ शहर स्थित साइंस कॉलेज स्थित एक मतदान केंद्र की है। मतदान केंद्र पर धांधली के आरोप के बाद बीपीएफ के कार्यकर्ता को हिरासत में लिए जाने के दौरान सुरक्षा बलों के साथ बीपीएफ कार्यकर्ताओं की धक्का-मुक्की हुई। यह घटना तब घटी जब बीपीएफ कार्यकर्ताओं का एक समूह बीपीएफ प्रमुख हग्रामा महिलरी की पत्नी सेवाली मोहिलारी के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे। केंद्र पर सेवाली मोहिलारी और उनके साथ पहुंचे कुछ बीपीएफ कार्यकर्ता एक विवाद में उलझ गए। पुलिस ने कथित तौर पर सेवाली मोहिलारी को भी आगे बढ़ने से रोका। सुरक्षा बलों ने बीपीएफ कार्यकर्ता को गाड़ी में उठा लिया। इस दौरान पुलिस के साथ बीपीएफ कार्यकर्ताओं की तीखी नोंकझोंक हुई। एक अन्य खबर के अनुसार कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के बीपीएफ उम्मीदवार खंफा बरगियारी ने आज चिरांग के बासुबाड़ी प्राइमरी स्कूल मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उधर कोकराझाड़ में सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू हुई। इसके बाद से ही एक नंबर कोकराझाड़ लोकसभा केंद्र के 12 उम्मीदवार का भाग्य का फैसला एवीएम मशीन मे बंद हुआ। आज कई लोग हैं जो भारी बारिश के बावजूद वोट देने के लिए निकले। कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार गर्जन मुसाहारी, बिपिएफ मतदाता खाम्पा बरगोयारी, बिपिएफ प्रमुख हाग्रामा मोहिलारी, विधायक रबिराम नार्जारी, लॉरेंस इस्लारी सहित विभिन्न दल के नेता ओर कोकराझाड़ में कुल 14,94,404 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें से 7,41,328 पुरुष मतदाता, 7,43,236 महिला मतदाता और कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र में 1862 मतदान केंद्र हैं।

# विद्या भारती के प्रथम स्कूल ऑन व्हील्स का राज्यपाल अनुसुइया ने किया शुभारंभ

**गुवाहाटी।** विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की योजना से शिक्षा की जागरूकता एवं प्रसार की दृष्टि से स्कूल ऑन व्हील्स का शुभारंभ गुवाहाटी से किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया म्यूचल फण्ड के सीएसआर सहयोग से




प्राप्त स्कूल बस में लाइब्रेरी, डिजिटल शिक्षा हेतु कंप्यूटर उपकरण एवं शैक्षणिक सामग्री से युक्त स्कूल ऑन व्हील्स को नेड्फी चेयरमैन पीवीएसएलएन मूर्ति, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक विंसेंट एमडी, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय संगठन मंत्री केएन रघुनंदन, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के सचिव डॉ. जगदींद्र रॉयचौधुरी ने गुवाहाटी से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। बाल विद्या मंदिर पैलेस कंपाउंड, इम्फाल में आयोजित समारोह में मुख्यअतिथि राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके, विशिष्ट अतिथि मणिपुर सरकार के मुख्य सचिव विनीत जोशी, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, शिक्षा विकास समिति मणिपुर के अध्यक्ष वाई. खगेन सिंह उपस्थित रहे। मणिपुर राज्यपाल उइके द्वारा स्कूल ऑन व्हील्स का विधिवत शुभारंभ किया गया। उन्होंने विद्या भारती द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की। मणिपुर में हुई हिंसा में विस्थापित बच्चों के लिए शिविर में शिक्षा उपलब्ध हो इस हेतु स्कूल ऑन व्हील्स के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से डिजिटल शिक्षा व औपचारिक शिक्षा प्रदान करने के साथ छात्रों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जायेगा। स्कूल ऑन व्हील्स का उदेश्य है की

## अजमल ने किया लालू के मुस्लिम आरक्षण की मांग का समर्थन



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** एआईयूडीएफ के निर्वतमान सांसद तथा धुबड़ी लोकसभा सीट के उम्मीदवार मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने लालू प्रसाद यादव द्वारा किए गए मुस्लिम आरक्षण की मांग का समर्थन किया है। मंगलवार को अजमल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पहले भी कई पार्टियों ने मुस्लिम आरक्षण से संबंधित वादे किए थे, लेकिन किसी ने पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि लालू यादव का मुस्लिम आरक्षण की मांग स्वागत योग्य है। अजमल ने कहा कि कई छोटी-छोटी जातियों को इस देश में आरक्षण मिल रहा है, लेकिन मुसलमानों को नहीं मिल रहा है। मुसलमानों को भी आरक्षण मिलनी चाहिए।

# हम नफरत की राजनीति नहीं करते : प्रमोद बोड़ो

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** बोड़ोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोड़ो ने कहा है कि वे नफरत की राजनीति नहीं करते हैं। बीटीआर प्रमुख प्रमोद बोड़ो मंगलवार को मतदान करने के बाद कोकराझाड़ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव के तीसरे चरण में सबसे ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने आएंगे। लोग स्वत:स्फूर्त होकर मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने आए हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हग्रामा मोहिलारी अतीत हो चुके हैं। पिछले चुनावों में हग्रामा के लोगों ने हिंसा का माहौल बनाया था। पिछले चुनाव में हमारे वाहनों पर हग्रामा के लोगों ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि हग्रामा ने आज तक बीटीसी परिषद के अधिवेशन में भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि अगर लोग मुझे (प्रमोद बोड़ो) चुनाव नहीं लड़ने को कहेंगे तो वे नहीं लड़ेंगे। लेकिन, वे हग्रामा के कहने पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि वे बीटीसी में रहें या नहीं, हग्रामा उनका मुकाबला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि गण सुरक्षा पार्टी (जीएसपी) को उतने वोट इस बार नहीं मिल रहे हैं, जितने पहले मिले थे। कोकराझाड़ में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी का जीतना तय है।

## कैबिनेट मंत्री यूजी ब्रह्म ने किया मतदान

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** असम के कैबिनेट मंत्री उर्खाओ गौरा ब्रह्म ने अपने पैतृक गांव बाटाबाड़ी एमई स्कूल मतदान केंद्र पर आज अपने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार बहुत महत्वपूर्ण है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। मंत्री ब्रह्म मतदान करने के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## पूसीरे ने अप्रैल में 1130 रेकों के माल की अनलोडिंग की

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) माल अनलोडिगं में निरंतर वृद्धि दर्ज कर रही है। चालू वर्ष के अप्रैल माह के दौरान पूसीरे ने मालगाड़ी की 1130 रेकों की अनलोडिंग की। पूसीरे ने उक्त महीने के दौरान एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटो, टैंक, और अन्य वस्तुओं का परिवहन किया है और इसे अपने क्षेत्राधिकार के विभिन्न गुड्स शेडों में अनलोड किया है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने मंगलवार को बताया है कि अप्रैल माह के दौरान असम में मालगाड़ियों के कुल 540 रेक अनलोड किए गए, जिनमें से 335 आवश्यक वस्तुओं के थे। अप्रैल महीने के दौरान त्रिपुरा में 25 रेक, नगालैंड में 18 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 9 रेक, मणिपुर में 3 रेक और मिजोरम में 5 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा, पूसीरे के क्षेत्राधिकार के अधीन उसी महीने में पश्चिम बंगाल में 76 और बिहार में 69 फ्रेट रेकों को भी अनलोड किया गया।

# अवैध एसटी और पीआरसी लेने वाले तुरंत अपने प्रमाण पत्र सरेंडर करें

**इटानगर ( हि.स. )।** अरुणाचल प्रदेश अनुसूचित जनजाति कल्याण सोसायटी ने गैर-आदिवासी व्यक्तियों से शादी करने वाली आदिवासी महिलाओं की संतानों से आग्रह किया है कि जिसने भी अरुणाचल प्रदेश सरकार से अवैध रूप से अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र (एसटी) और स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र (पीआरसी) प्राप्त किया है, वे तुरंत अपने प्रमाण पत्र सरेंडर कर दें। राज्य के युवाओं के हितों में कटौती को देखते हुए सोसायटी के सदस्यों ने गैर-आदिवासियों से शादी करने वाली आदिवासी



महिलाओं की संतानों के बारे में जांच शुरू करने का फैसला किया। यह जांच अवैध रूप से एसटी और पीआरसी लेकर एसटी कोटा के तहत लाभ उठाने वालों के विरूद्ध होगी। सोसायटी ने कहा है कि अब तक हमने सैकड़ों संतानों के नाम एकत्र किए हैं, जिन्होंने अवैध रूप से एसटी और पीआरसी प्रमाण पत्र प्राप्त कर इसका लाभ ले रहे हैं। सोसायटी ने उन सभी से अपने प्रमाण पत्र सरेंडर करने का आह्वान किया है। साथ ही कहा है कि यदि ऐसा नहीं किया तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे या सामाजिक रूप से उनके नामों का खुलासा करेंगे। यह बातें आज अरुणाचल प्रदेश अनुसूचित जनजाति कल्याण सोसायटी के प्रवक्ता पेदाम डुकम ने यहां अरुणाचल प्रेस क्लब में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

## भाजपा असम की सभी 14 सीटें जीतेगी : मंत्री जयंत

**नलबाड़ी ( हि.स. )।** असम सरकार के लोग स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन असम की कुल 14 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों के प्रति लोगों के अंदर जो उत्साह



पैदा हुआ है, उसे देखकर यह कहा जा सकता है कि विपक्ष एक भी सीट नहीं जीत सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की विकास और सबको साथ लेकर राजनीति के सामने विपक्षी दल खड़े नहीं उतर पा रहे हैं। मंत्री मल्लबरुवा आज यहां मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

संपादकीय

## मातृशक्ति के साथ भाजपा

**देश** में इस समय जद(एस) एवं पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के नाती प्रज्वल रेवन्ना के मामले की गूंज हैं। महिलाओं के साथ संबंध बनाने के उसके लगभग 200 वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुके हैं, इनकी संख्या कहीं अधिक बतायी जा रही है। आरोप-प्रत्यारोपों के अनुसार प्रज्वल ने दो हजार से अधिक महिलाओं का शोषण किया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाकर जाँच प्रारंभ कर दी है। मामला लगभग पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जैसा है ही है, जहाँ तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता शाहजहाँ शेख ने अनेक हिन्दू महिलाओं का शोषण किया। निःसंदेह, दोनों ही मामलों में कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी घरेलू सहायिका ने यौन शोषण का प्रकरण दर्ज कराया है। मामला जैसे ही तूल पकड़ा तो जद(एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, अब उसकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में तेज गति से जाँच करे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। चूँकि अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए इस मामले में राजनीति होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रज्वल के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं। सबको ही इस मामले में मुखर होना चाहिए। चूँकि जद(एस) भाजपा के साथ गठबंधन में है और लगभग 10 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रज्वल के लिए वोट माँगकर आए थे इसलिए भी कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। लेकिन वह भूल रही है कि विधानसभा चुनाव के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया भी उनके लिए वोट माँग रहे थे। इसलिए मामला सामने आने से पहले किसने क्या कहा, यह महत्व का नहीं है। महत्व इस बात का है कि मामला सामने आने के बाद किसका क्या रवैया है। भाजपा ने स्पष्ट कहा है कि भाजपा मातृशक्ति के साथ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि "भाजपा का रुख स्पष्ट है कि हम देश की 'मातृ शक्ति' के साथ खड़े हैं। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि वहां किसकी सरकार है? सरकार कांग्रेस पार्टी की है। उन्होंने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? यह राज्य की कानून व्यवस्था का मामला है, राज्य सरकार को इस पर कार्रवाई करनी है। हम जांच के पक्ष में हैं"। इससे अधिक स्पष्ट बयान और कुछ हो नहीं सकता। अब गेंद कांग्रेस के पाले में है कि उसकी सरकार कितनी तेजी से मामले को परिणाम तक पहुँचाती है या फिर केवल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इसका उपयोग करती है। अब जरा याद कीजिए कि संदेशखाली में महिलाओं के शोषण के मामले पर कौन-सा राजनीतिक दल भाजपा की तरह मुखर हुआ था। प्रज्वल के मामले में मुखर कांग्रेस के सुर भी संदेशखाली के मामले में कहीं दब गए थे। तृणमूल कांग्रेस ने तो किस प्रकार की टालमटोली एवं बेशर्मी दिखायी थी, यह सबके ध्यान में ही है। महिला मुख्यमंत्री होकर भी ममता बनर्जी खुलकर संदेशखाली की महिलाओं के समर्थन में नहीं उतरीं। भाजपा ने संदेशखाली में भी मातृशक्ति का साहस बढ़ाया और प्रज्वल के मामले में भी भाजपा पीड़ति महिलाओं के साथ होने की बात कह रही है। भाजपा का स्पष्ट मत है कि प्रज्वल के मामले में कांग्रेस सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अब देखना होगा कि जिस मुखरता से कांग्रेस इस मुद्दे को उठा रही है क्या उतनी ही तेजी से कार्रवाई भी करेगी?

महिलाओं के साथ संबंध बनाने के उसके लगभग 200 वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुके हैं, इनकी संख्या कहीं अधिक बतायी जा रही है। आरोप-प्रत्यारोपों के अनुसार प्रज्वल ने दो हजार से अधिक महिलाओं का शोषण किया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाकर जाँच प्रारंभ कर दी है। मामला लगभग पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जैसा है ही है, जहाँ तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता शाहजहाँ शेख ने अनेक हिन्दू महिलाओं का शोषण किया। नि:संदेह, दोनों ही मामलों में कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी घरेलू सहायिका ने यौन शोषण का प्रकरण दर्ज कराया है। मामला जैसे ही तूल पकड़ा तो जद(एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, अब उसकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में तेज गति से जाँच करे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। चूँकि अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए इस मामले में राजनीति होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रज्वल के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं। सबको ही इस मामले में मुखर होना चाहिए। चूँकि जद(एस) भाजपा के साथ गठबंधन में है और लगभग 10 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रज्वल के लिए वोट माँगकर आए थे इसलिए भी कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। लेकिन वह भूल रही है कि विधानसभा चुनाव के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया भी उनके लिए वोट माँग रहे थे। इसलिए मामला सामने आने से पहले किसने क्या कहा, यह महत्व का नहीं है। महत्व इस बात का है कि मामला सामने आने के बाद किसका क्या रवैया है।

### हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

ललित गर्ग

हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दु:खी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं।

**खुशियाँ** मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है। विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।' आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र



अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो। दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद, हिंसा, युद्ध एवं महामारियों के डर से सहमे हुए हैं, ऐसे समय विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले दुनिया के लोगों में इतनी घबराहट और अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल हंसी ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक को बढ़ावा देना चाहिए।

दृष्टि कोण

## भारत की कुर्बानियां भूल रहा बांग्लादेश

**हिंदोस्तान** के फजल से वजूद में आया बांग्लादेश भी भारत विरोधी देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है। हाल ही में मालदीव की तर्ज पर बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी के रहनुमाओं ने इंडिया आउट का नारा देकर भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की आवाज बुलंद की है। हांलाकि बांग्लादेश की वजीरे आजम मोहतरमा शेख हसीना ने 26 मार्च 2024 को अपने मुल्क के यौम ए तासीस के मौके पर हिंदोस्तान की मुखालफत करने वाले लोगों को तल्ख तेवर जरूर दिखाए थे मगर भारत के रहमो करम पर पलने वाले मुल्क बांग्लादेश में भारत विरोधी आवाज चितांजनक है। दिसंबर 1971 से पहले बाग्लांदेश पूर्वी पाक के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा था। पाकिस्तान के फौजी हुक्मरानों के जुल्मों सितम से परेशान हो चुकी बांग्ला आवाम अपने लिए एक आजाद मुल्क के तौर पर जीना चाहती थी। मगर पाक तानाशाह याहिया खान के आदेश पर पूर्वी पाक के सैन्य कमांडर 'टिक्का खान' ने बांग्ला आवाम की आजादी की आवाज को खामोश करने के लिए 25 मार्च 1971 को आपरेशन सर्च लाइट के तहत बांग्ला लोगों का नरसंहार करके बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। पाक सेना ने आधी रात को ढाका विश्वविद्यालय पर हमला करके सैकड़ों छात्रों व प्रोफेसरों का कत्ल कर दिया था। आपरेशन सर्च लाइट में पाक सेना द्वारा कत्लोगारत की हकीकत को ब्रिटेन के अखबार 'संडे टाइम्स' में पत्रकार 'एंथनी मैस्करनेहास' ने अपने आर्टिकल के जरिए जब आलमी सतह पर पेश किया तो हलाकत के उस खौफनाक मंजर से आहत होकर अमरीका की टाइम मैगजीन ने टिक्का खान को 'बूचर ऑफ बांग्लादेश' कहा था। सन-1971 की जंग की वजह तथा पाकिस्तान का दो टुकड़ों में तब्दील होने का कारण टिक्का खान का जहालत भरा आपरेशन सर्च लाइट ही बना था। मगर पाकिस्तान के हुक्मरानों ने बांग्लादेश को



रक्तरंजित करने वाले कुख्यात टिक्का खान को मार्च 1972 में पाक सेना का चार सितारा जरनैल बनाया था। मानवता को शर्मशार करने वाले आपरेशन सर्च लाइट की बर्बरता से बांग्ला लोगों को बचाने के लिए भारतीय सेना सरहदों की बंदिशों को तोडक़र पूर्वी पाकिस्तान में दाखिल हुई। वीरभूमि हिमाचल के रणवांकुरों से सुसज्जित 'तीन डोगरा' बटालियन ने सन-1971 की जंग में बांग्लादेश के महाज पर चौड़ाग्राम व काठियाचोर तथा चटगांव क्षेत्रों की लड़ाई में पाक सेना को धूल चटाकर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। डोगरा सैनिकों के जोरदार हमले व संगीनों से पाक फौज की हलाकत से बेबस होकर पाक सेना के ब्रिगेडियर 'एएमके मलिक' ने अपने ब्रिगेड के साथ तीन डोगरा बटालियन की एक कंपनी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध में पाक सेना के मंसूबों को ध्वस्त करके दास्तान ए शुजात का परिचय देने वाले तीन डोगरा के मेजर 'अनूप सिंह गहलोत' को 'महावीर चक्र' (मरणोपरांत) तथा हवलदार 'रमेश कुमार' व 'खुशाल चंद' दोनों को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। पूर्वी पाक में जिल्लत भरी शिकस्त से बौखला कर जनरल 'नियाजी' के सलाहकार राव फरमान अली के इशारे पर पाक सेना ने 14 दिसंबर 1971 को बांग्ला लेखकों, डाक्टरों, रजाकारों, शिक्षकों, वकीलों तथा बुद्धिजीवी वर्ग के सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस नरसंहार की याद में बांग्लादेश 14 दिसंबर को 'बुद्धिजीवी दिवस' के तौर पर मनाता है। ढाका में मौजूद 'शहीद बुद्धिजीवी स्मारक' पाक सेना द्वारा कत्लेआम की दास्तां को बयान करता है। पूर्वी पाक की आवाम ने अपने मुल्क की आजादी का एक मुद्दत से जो पुरनूर ख्वाब देखा था। उसे भारतीय सेना के 3845 जांबाजों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मुकम्मल किया था। युद्ध में बलिदान देने वाले 195 शूरवीरों का संबंध हिमाचल से था। भारतीय सेना ने पूर्वी पाक को आजाद कराकर नए मुल्क को बांग्ला जुबान के नाम पर बांग्लादेश बनाकर बांग्ला लोगों को ही सौंप दिया था। अतः बांग्लादेश को भारतीय सैनिकों की कुर्बानियां याद रखनी होंगी। अंग्रेजों द्वारा बंगाल के विभाजन से आहत होकर अपने सूबे में एकता का माहौल कायम रखने के लिए 'रविंद्रनाथ टैगोर' ने सन-1906 में 'आमार सोनार बांग्ला' नामक गीत की रचना की थी। बांग्लादेश की हुकूमत ने आजादी के बाद सन-1972 में उस नगमें को अपना कौमी तराना तसलीम कर लिया था। आज चीन के इशारे पर बांग्लादेश के सियासतदान भारत का विरोध कर रहे हैं।

कुछ अलग

## इस रील रोग का क्या इलाज

**कुछ** समय पहले नोएडा के वेद वन पार्क और दिल्ली की सुंदर नर्सरी जाना हुआ। गए तो थे वहां की शांति और सौंदर्य के अहसास के लिए, पर वास्ता पड़ गया उटपटांग हरकतें करते कुछ लोगों से। पता चला कि ये सभी प्राणी रील बना रहे हैं। पार्क हो या सड़क, इस तरह का नज़ारा आम होता जा रहा है। भीड़ के बीच में रील बनाने का चस्का इस कदर बढ़ा है कि हदें पार करने लगा है। अभी होली के मौके पर दिल्ली मेट्रो में हुआ वाकया इसका ताज़ा उदाहरण है। लाइक्स पाने की चाहत में दो युवतियों ने ऐसी हरकतें कीं कि हंगामा हो गया। बाद में पता चला कि नोएडा में स्कूटी पर बैठकर इसी तरह की हरकतें करने वाली भी यही दोनों लड़कियां थीं। विवाद बढ़ा तो इनके खिलाफ केस दर्ज कर भारी जुर्माना लगाया गया। इन युवतियों ने जो बताया, उसमें ऐसे शॉर्ट विडियो बनाने के क्रेज़ की कहानी छिपी है। बेहद साधारण परिवार से आने वाली इन बालाओं के सोशल मीडिया पर मल्टीपल अकाउंट और लाखों फॉलोअर्स हैं। पहले ये सामान्य विडियो बनाती थीं तो लाइक्स नहीं मिलते थे। लेकिन जब फालतू हरकतों वाला एक विडियो वायरल हुआ और उससे होने वाली कमाई का पता चला तो फिर ये इसी तरह के और कंटेंट डालने के चक्कर में सारी सीमाएं पार कर गईं। इन रील रोगियों को पुलिस का भी कोई खौफ नहीं। अभी पिछले हफ्ते दिल्ली की सड़कों पर भी स्पाइडरमैन की कॉस्ट्यूम में एक कपल बिना नंबर प्लेट की बाइक पर स्टंट करते पकड़े गए। न हेलमेट, न लाइसेंस। एक अन्य जनाब ने मेन रोड पर अपनी बाइक खड़ी की और चलते ट्रैफिक के बीच कुर्सी लगाकर बैठ गए। लाइक्स और व्यूज़ के चक्कर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले इन दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने न सिर्फ केस दर्ज किया बल्कि सोशल मीडिया अकाउंट हटाने की सिफारिश भी। रील बनाकर जल्द मशहूर होने का यह नशा युवाओं पर ही नहीं, हर उम्र के लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या जवान, सब रील बनाने में लगे हैं। ज़ाहिर है, जब देखने वाले होंगे, तभी इतना कंटेंट भी अपलोड हो रहा है। कहीं भी जाएं, हर शख्स अपने मोबाइल में रील स्क्रॉल करते देखा जा सकता है। अभी एक दिन मेट्रो में तीन साल के बच्चे को मोबाइल में डूबे देखा। उसका अंगूठा रील्स पर चले जा रहा था, जिसमें बीच-बीच में एडल्ट कंटेंट भी आ रहा था। उसे शायद ही कुछ समझ आ रहा हो, लेकिन उसकी आंखें स्क्रीन पर गड़ी हुई थीं। थोड़ी देर में ही एक बुज़ुर्ग दाखिल हुए। सीधे कॉर्नर वाली सीट पर पहुंचकर वहां बैठे युवक को ऊपर लिखे संदेश की ओर इशारा किया। सीनियर सिटिज़न की सीट देख लड़का तुरंत खड़ा हो गया। बुज़ुर्ग ने बैठते ही जेब से फोन निकाला। लगा कि शायद किसी को फोन कर बताना होगा कि बैठ गए। पर उन साहब ने भी झट से ऐप खोला और शॉर्ट विडियो देखने में तल्लीन हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टूडेंट्स के साथ अपने सालाना कार्यक्रम में भी यह मुद्दा उठाया था कि आप रील देखना शुरू करते हैं तो फिर कितनी देर देखेंगे उसका कोई हिसाब नहीं रहता। देखते-देखते आधा घंटा कब निकल जाता है पता ही नहीं चलता। उसके बाद यह भी याद नहीं रहता कि पहली रील कौन सी देखी थी। यानी आपने सिर्फ वक्त बर्बाद किया। आप भी ज़रा अपने पिछले दिन की दिनचर्या पर नज़र दौड़ाएं और बताएं कि आपने इन शॉर्ट विडियो पर कितना वक्त बर्बाद किया।

देश दुनीया से

## सोना क्यों बन रहा है पहली पसंद

युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया।

**पहले** विश्व युद्ध के बाद से अब तक दुनिया में डॉलर का महत्त्व लगातार बढ़ता रहा है। जब अमरीका के सहयोगी देश सामान के बदले सोना देने लगे, तो ऐसे में संयुक्त राज्य अमरीका आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया। समझना होगा कि उतार-चढ़ाव के साथ वर्ष 1999 से डॉलर का महत्त्व अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के नाते लगातार घटता रहा है। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि चाहे डॉलर का महत्त्व घटता गया हो, लेकिन डॉलर अभी भी दुनिया की सबसे अधिक पसंदीदा करंसी बना हुआ है। उसके मुकाबले दूसरे स्थान पर यूरो का हिस्सा अभी भी 20 प्रतिशत के आसपास ही है और बाकी कोई भी करंसी उसके नजदीक भी नहीं है। आज भी दुनिया के अधिकांश अंतरराष्ट्रीय लेन-देन डॉलर में होते हैं। इस कारण से डॉलर लंबे समय से कभी भी खास कमजोर नहीं हुआ। भारतीय रुपए के संदर्भ में देखें तो 1964 में जहां एक डॉलर 4.66 रुपए के बराबर था, वो अब बढक़र 83.4 रुपए तक पहुंच चुका है। अन्य करंसियों की तुलना में भी यह काफी मजबूत रहा है। लेकिन कुछ समय से दुनिया के देशों में वि.डॉलरीकरण के संकेत मिल रहे हैं। डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण लगभग सभी देशों, खासतौर पर विकासशील देशों को खासा नुकसान होता रहा है। भारत की यदि बात करें तो पिछले कुछ समय से भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपए की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। लगभग 20 देशों के साथ इस बाबत सहमति भी बनी है। उधर अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अमरीका और यूरोपीय देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के चलते अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में कठिनाई के कारण, दूसरे देशों में भी स्थानीय करंसियों में भुगतान के प्रयास तेज हो गए हैं। दुनिया में डॉलर के प्रति विमुखता इस कारण से भी बढ़ी है, क्योंकि अमरीका ने रूस को आक्रमणकारी बताते हुए उसके तमाम डॉलर रिजर्व को जब्त कर लिया है। ऐसे में दूसरे मुल्कों में यह भय व्याप्त हो गया है कि देर-सवेर अमरीका ऐसी कार्रवाई उन पर भी कर सकता है। ऐसे में उन मुल्कों पर रूस जैसी भुगतान की समस्या आ सकती है। ऐसे में दुनिया के मुल्क दो तरफा प्रयास कर रहे हैं। एक, स्थानीय करंसियों में भुगतान तो दूसरा डॉलर के स्थान पर सोने के भंडार में वृद्धि। भारत की यदि बात करें तो देखते हैं कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ते-बढ़ते अप्रैल के पहले सप्ताह तक 648.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन इस बीच में एक और महत्त्वपूर्ण बात जो दिखाई दी कि विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का भंडार 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक ही सप्ताह में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में 6 टन वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान 9वां है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार की प्राथमिकता के बारे में आधिकारिक पुष्टि भी की है। वल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थाओं द्वारा 450.1 टन सोने की खरीद की गई, वो बढक़र 2022 में 1135.7 टन हो गई। वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीद की। गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले में लगातार घटती जा रही है।



आप का नजरीया

## और कितने 'परौर'

**हम** इसे पर्यटन का 'पीक' कहें या मानें कि भीड़ कभी सैलानी नहीं होती। पिछले कुछ दिनों से कांगड़ा में पर्यटन राजधानी का शुमार सडक़ों पर देखा जा रहा है। जो दैनिक कार्यों के लिए सडक़ से हो कर गुजरते होंगे, उन्हें मालूम हो गया कि सैलानी अगर गाडियों की गिनती या महासमागमों की बस्ती हैं, तो एक ही दिन की आफत में कितनी सदियां गुजर गईं। परौर में राधास्वामी सत्संग की ट्रैफिक व्यवस्था करने में छक्के छूट जाते हैं। पसीना-पसीना पुलिस करे भी तो क्या करे। पुलिस कोई पार्किंग मशीनरी नहीं कि कोई स्थायी खाका बना ले या सडक़ों की धूल में यातायात व्यवस्था की खाक छानती फिरे, फिर भी पर्यटन सीजन का सही मायने में कोई नायक है, तो यह सेहरा कांगड़ा पुलिस को जाता है। काश! कभी पर्यटन, सडक़ विस्तार और सरकार की योजनाएं पर्यटक सीजन की कतार में खड़ी होकर देखें कि हमें करना क्या है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि एडबी बैंक के कार्यालय को धर्मशाला से स्थानांतरित करके पर्यटन में कैबिनेट प्राप्त आर एस बाली नगरोटा बगवां ले जाएं या कल जब सुबह हो तो हम एक नया सरकारी होटल खोल दें। कायदे से अगर होटल व्यवसाय का पर्यटन की भीड़ से कोई रिश्ता होता, तो परौर तक आ रहे लोग तमाम होटलों को खचाखच भर देते, मगर वे तो सडक़ों, जंगलों और यातायात को पूरी तरह भरने आए थे और आते रहेंगे। ताज्जुब यह भी कि पिछले चंद दिनों में पर्यटन के एक साथ कई दीप जले, मगर हमारे दीये में तेल है ही कितना। धर्मशाला में क्रिकेट का आई पी एल और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा बेशक सम्मानित करता है और यह प्रमाणित करते हैं कि हिमाचल 'खुशामदीद' कहने की आदत डाल रहा है, लेकिन इस वसंत को हम चार दिन की चांदनी बना कर स्वयं ही नष्ट कर देंगे या पर्यटन को हमेशा पुलिस के हाथों में सौप देंगे, जबकि इसकी स्थायी व्यवस्था व प्रबंधन की जरूरत है और यही निकम्मापन हर धार्मिक स्थल पर पाजेब पहने हुए मिल जाएगा। मान लिया चंद दिन हमारा सामान्य जनजीवन पुलिस के हवाले भी चल सकेगा या वन वे के नाम पर पालमपुर की ओर से जनता चामुंडा होकर कांगड़ा निकल जाए, लेकिन ट्रैफिक जाम के मुहानों पर अड़ गई एंबुलेंस की गाड़ी को कैसे निकालोगे या भीड़ को वाहन चलाना कौन सिखाएगा। क्या हमारी पुलिस व्यवस्था केवल संकट में समाधान की वर्दी है या साल भर हमें ट्रैफिक व्यवस्था में नागरिक शिष्टाचार सिखाएगी। खुशखबरी यह है कि बड़े समागमों या वीआईपी मूवमेंट में भी जनता के बीच से निकले स्वयंसेवक कई जगह काम आ जाते हैं या वाहनों के चालक खुद ट्रैफिक पुलिस बन जाते हैं, वरना पर्यटक सीजन को लांघना हमारे लिए मुश्किल व पीड़ाजनक बनता जा रहा है। ऐसे में पर्यटन की संभावना को समझते व विकसित करते हुए यह अनुमान लगाएं कि हमारी छवि किसे बुला रही है। क्या हम कसोल या धर्मकोट की किसी पार्टी में पर्यटकों को बुला रहे हैं या खड्डों में नहाने के लिए कांगड़ा बाइपास का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या हम धार्मिक समागमों, प्रवचनों या लंगरों में मुफ्त का खाना व रहने का लुत्फ उठा रहे लोगों के कारण पर्यटक सीजन की खिल्ली उड़ा रहे हैं। क्यों नहीं हम बड़े आश्रमों, डेरों व धार्मिक आकाओं को प्रेरित करते हैं कि वे ऑफ-सीजन में आकर तंबू लगाएं।

# फिरोजाबाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रहा मतदान, मतदाताओं में उत्साह



**फिरोजाबाद, (हि.स.)।** जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार सुबह 7 बजे से फिरोजाबाद की लोकसभा सीट के लिए मतदान शुरू हो चुका है। मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह है। महापौर के साथ डीएम, एसएसपी ने भी मतदान किया। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे से जनपद के 1285 मतदान केंद्रों पर बने 2053 बूथों पर मतदान आरंभ हो चुका है। जनपद के 1890772 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना सांसद चुनेंगे। इस लोकसभा सीट पर प्रमुख दलों में भारतीय जनता पार्टी के ठा. विश्वदीप सिंह, समाजवादी पार्टी के अक्षय यादव व बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंत्री चौधरी बसीर सहित 7 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मतदान के लिए सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लाइन लग गई। मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह है। जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित सहित सभी आलाधिकारी मतदान केंद्रों पर भ्रमण कर नजर बनाए हुए है। भारतीय जनता पार्टी के फिरोजाबाद लोकसभा सीट के उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह ने भी अपने बूथ पर परिवार सहित मतदान किया। उन्होंने राष्ट्रहित में मतदान की अपील की।

**महापौर ने किया मतदान** – नगर निगम फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने अपने बूथ सेल्टर होम टापा पैंठ जलेसर रोड पर अपने पति सुरेंद्र राठौर के साथ मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं ने मतदान की अपील की है।

**डीएम, एसएसपी ने किया मतदान** – जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कम्पोजिट विद्यालय दबरई पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान किया गया। उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरुक किया गया।

# मैनपुरी में सपा कर सकती है षड़यंत्र : जयवीर सिंह



**मैनपुरी, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मैनपुरी सीट से लोकसभा उम्मीदवार एवं उप्र सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ने मतदान के दौरान बड़े षड़यंत्र करने की आशंका जताई है। उन्होंने मतदाताओं से सपा के इस तरह के किसी कारगुजारी से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से किसी अफवाह और नाटकीय घटनाक्रम से बचने की बात कही है। जयवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी के सम्मानित मतदाताओं संज्ञान में है आज समाजवादी पार्टी द्वारा अपने ही नेताओं के साथ कोई घटना होने का नाटक कराकर फिर उस नाटकीय घटना का आरोप भाजपा पर लगाने का षड़यंत्र किया जा रहा है। सपाइयों के प्रोपेगेंडा और अफवाहों से आप सभी मतदाता सावधान रहें। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की दहाड़, परिवर्तन होगा अबकी बार। उल्लेखनीय है कि मैनपुरी सीट पर सपा ने डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है। डिंपल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी हैं और वह उन्हें जिताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। ऐसे में भाजपा के प्रत्याशी जयवीर सिंह ने चुनाव में अपनी हार से बचने के लिए सपा के द्वारा मतदान के बीच षड़यंत्र करने की संभावना जताई है। वहीं मैनपुरी में चुनाव सम्पन्न कराने में जुटी चुनाव आयोग से लेकर जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। यहां सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों और सपा कार्यकताओं पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# मतदान केंद्र के बाहर सपा-भाजपा के कार्यकर्ता भिड़े, पथराव में दो घायल

**मैनपुरी, (हि.स.)।** मैनपुरी जनपद में चल रहे मतदान के बीच समाजवादी पार्टी और भाजपा के कार्यकर्ता भिड़ गए। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद पथराव हो गया। पत्थरबाजी में भाजपा कार्यकर्ता समेत दो लोग घायल हुए हैं। कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गयी। मैनपुरी में किशनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 176 तेजगंज पर मतदन प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंह के पुत्र सुमित प्रताप सिंह मतदान केंद्र के अंदर पहुंचे तो सपा कार्यकताओं ने इसका विरोध कर दिया। इसी को लेकर दोनों दलों के कार्यकताओं बीच नोंकझोंक होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू कर दिया गया। इससे मतदान केंद्र के बाहर भगदड़ मच गई और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। पथराव के दौरान भाजपा के पोलिंग एजेंट सुदेश कुमार और प्रधान प्रतिनिधि करण बहादुर सिंह घायल हो गए। पथराव की सूचना पाकर कई थानों की पुलिस, जिला एवं पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है। स्थिति सामन्य रूप से मतदान चल रहा है। केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद कर ली गयी है।

# प्रवर्तन निदेशालय ने रांची में झारखंड के मंत्री के पीएस और नौकर को गिरफ्तार किया



**रांची, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के ग्रामीण विकासमंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को देररात बाद गिरफ्तार कर लिया। रांची में ईडी के छापे में जहांगीर आलम के कमरे से 35.23 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी। ईडी आज दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग करेगा। आज दूसरे दिन भी ईडी ने कई लोगों के ठिकानों पर छापा मारा है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार सुबह चार बजे संजीव लाल समेत कई अन्य लोगों के ठिकानों पर कार्रवाई शुरू की थी। यह कार्रवाई देररात तक चली। इस दौरान संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। ईडी की टीमों ने एक साथ मंत्री के ओएसडी संजीव कुमार लाल के दीनदयाल नगर स्थित सरकारी आवास, कांके रोड स्थित सीता निकेतन स्थित फ्लैट, हरमू रोड स्थित आवास, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट, मुन्ना कुमार सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित फ्लैट, विकास कुमार, पथ निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर के सेल सिटी स्थित फ्लैट और कुलदीप मिंज, पथ निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर के बोड़ैया स्थित आवास पर छापा मारा था। नोटों की बरामदगी के बाद ईडी के अधिकारियों ने संजीव लाल, जहांगीर, मुन्ना समेत अन्य से पूछताछ की। जहांगीर ने कुबूल किया है कि संजीव लाल ने यहां पैसे रखवाए थे। मुन्ना ने स्वीकार किया है कि बरामद रकम सर सैयद रेसीडेंसी स्थित फ्लैट पर पहुंचानी थी।

# अररिया चुनाव ड्यूटी में आए एक और होमगार्ड जवान की मौत

**फारबिसगंज/अररिया, (हि.स.)।** अररिया जिला अन्तर्गत पलासी प्रखंड के उत्कमित मध्य विधालय पचैली में चुनाव डयूटी पर तैनात होमगार्ड जवान महेन्द्र साह की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि जवान महेन्द्र साह अचानक बीमार हो गये। उसके बाद उन्हें उपचार हेतु सदर अस्पताल अररिया लाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। होमगार्ड जवान महेन्द्र साह सीतामढ़ी में पदस्थापित थे और चुनाव ड्यूटी में अररिया आये थे। वही, अररिया जिला पदाधिकारी इनायत खान ने जवान के परिजन के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वस्त दिया है।

# अररिया में चुनाव को लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर पर दोनों देशों के सुरक्षाकर्मी तैनात



**अररिया (हि.स.)।** अररिया में तीसरे चरण के तहत हो रहे मतदान को लेकर भारत नेपाल सीमा सील है।दोनों देशों की सरहद की सुरक्षा में लगे जवान एक दूसरे के बॉर्डर पर तैनात हैं और शांतिपूर्ण मतदान के लिए किसी अवांछित तत्वों को प्रवेश करने नहीं दे रहे हैं। जिले के जोगबनी स्थित मुख्य बैरियर को नीचे गिरा हुआ है। दोनों देशों के बीच आवागमन को ठप्प है। चुनाव को लेकर सड़क से लेकर सीमा तक की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। कस्टम, एसएसबी समेत जोगबनी थाना पुलिस की मौजूदगी है। बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिए जाने के कारण नेपाल में फंसे लोगों की मुश्किलें भी बढ़ी है। वहीं भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के मतदाताओं का पहचान पत्र दिखाकर मतदाताओं के साथ इमर्जेंसी वाले की में लोगों को पैदल प्रवेश करने दिया जा रहा है। अररिया जिला प्रशासन के साथ नेपाल के मोरंग जिला प्रशासन के अधिकारी बॉर्डर पर मुस्तैद है। इंडो नेपाल अधिकारियों की पिछले दिनों मीटिंग के आलोक में चुनाव से 48 घंटे पहले ही बॉर्डर को सील कर दिया गया था। जिससे खुली सीमा का फायदा उठाकर एक दूसरे देश के असमाजिक तत्व वाले लोग आवाजाही न कर सके। एसएसबी के जोगबनी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी ने सीमा सील के बाद लोगों के आवाजाही पर रोक लगाने की बात कही।

# रामगोपाल यादव का बयान सनातन आस्था के साथ खिलवाड़ : योगी



**लखनऊ, (हि.स.)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को चुनाव प्रचार पर जाने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री के निशाने पर कांग्रेस, सपा, राजद समेत इंडी गठबंधन के तमाम दल रहे। सपा नेता रामगोपाल यादव और राजद प्रमुख लालू यादव के बयानों पर भी उन्होंने खूब लताड़ा। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस का चरित्र हिंदू और राम विरोधी है। 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखि तिन तैसी'। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने राम मंदिर के मुद्दे पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं है। वह मंदिर बेकार का है। मंदिर ऐसे नहीं बनता है। उनके इस बयान पर मुख्यमंत्री योगी ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह रामभक्तों पर गोली चलाने, श्रीराम के अस्तित्व को नकारने और मयार्दा प्रभु श्रीराम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने वाले लोग हैं। यह भारत की आस्था, भारत के राष्ट्र नायकों का सम्मान कर सकें, आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धा का भाव रख सकें। इन लोगों से ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस, सपा, डीएमके, राजद, नेशनल कॉफ्रेंस एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। यह लोग हमेशा से अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करते रहे हैं। इनकी भावनाएं हिंदुओं और भारत की आस्था के विरोध में रहती हैं। इनका चरित्र तुष्टिकरण की नीति को पोषित करने वाला है। यह आतंकवाद समर्थक और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के विपरीत आचरण करते रहे हैं। ऐसे लोगों से इससे अधिक उम्मीद नहीं की जा सकती है, लेकिन यह लोग जान लें कि ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का मतलब- विनाश काले, विपरीत बुद्धि। इनका वास्तविक चरित्र जनता-जनार्दन समझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व इंडी गठबंधन से जुड़े लोगों ने शुरू से प्रयास किया कि अयोध्या में राम मंदिर के मामले में माननीय न्यायालय से फैसला न आने पाए। यह लोग बैरियर बनकर रोड़े अटकाते थे। जब मामला उच्चतम न्यायालय में गया, तब 7-8 वर्षों तक इन लोगों ने कुछ नहीं होने दिया, पर जब मोदी के नेतृत्व में केंद्र, फिर राज्य में सरकार बनी तो इस प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाया गया। इस पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। देश और दुनिया का कोटि-कोटि श्रद्धालु आकर श्रद्धा व्यक्त करते हुए नई अयोध्या का दर्शन कर रहा है। कांग्रेस-सपा व इंडी गठबंधन के लोग रामद्रोहियों के साथ खड़े हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगोपाल यादव का बयान सपा व कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन की वास्तविकता को प्रदर्शित करता है। यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि प्रभु श्रीराम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है। उन्होंने कहा कि रामगोपाल यादव का बयान सनातन आस्था के साथ खिलवाड़, कोटि-कोटि रामभक्तों का अपमान है। जिन लोगों ने पूरा जीवन राम मंदिर के लिए समर्पित किया है, उनकी आस्था पर कुठाराघात है। भारतीय समाज इसे कतई स्वीकार नहीं कर सकता। इनका बयान चिढ़ाने वाला है। तुष्टिकरण की नीति पर चलकर वोट बैंक को बचाए रखने की कवायद की जा रही है।

ऐसे बयानों से इनकी वास्तविकता साफ झलक रही है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री भी कह रहे हैं कि इंडी गठबंधन से जुड़े कांग्रेस, सपा-राजद आदि दल पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण पर सेंध लगाने का प्रयास करेंगे। इनका घोषणा पत्र इस बात का उल्लेख करता है। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार जब सत्ता में थी तो राजद व सपा उसके घटक दल थे। उस समय इन लोगों ने रंगनाथ मिश्रा व सच्चर कमेटी गठित की थी। रंगनाथ मिश्रा कमेटी ने उल्लेख किया था कि 27 में से छह फीसदी आरक्षण मुसलमानों को देना चाहिए। भाजपा ने उस समय इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। फिर सच्चर कमेटी गठित करके अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में सेंध लगाने का प्रयास किया था। इन लोगों ने मुस्लिमों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति-जनजाति में शामिल करने का प्रयास किया। भाजपा ने इसका भी विरोध किया था, क्योंकि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के विरोधी थे। उन्होंने कहा था कि धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं हो सकता। य़ह भारत के विभाजन का कारण बना था, इसलिए हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए। इस कारण अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के अधिकार बच पाए पर कांग्रेस, सपा व राजद को जब भी अवसर मिलेगा, यह इन जातियों के आरक्षण में सेंध लगाकर जबरन अल्पसंख्यकों को देने का प्रयास करेंगे। भारत के विभाजन की आधारशिला रखी जा रही है, जिसे नकारते हुए मतदाताओं को पुरजोर जवाब देना चाहिए।

# राहुल गांधी और अखिलेश यादव 10 मई को करेंगे संयुक्त जनसभा



**लखनऊ, (हि.स.)।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और अखिलेश यादव 10 मई को कन्नौज और कानपुर में संयुक्त जनसभा को संबोधित करेंगे। कन्नौज से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हीं के समर्थन में राहुल गांधी जनसभा के जरिए वोटरों को लुभायेंगे। कन्नौज में 10 मई को दोपहर एक बजे दोनों नेताओं की संयुक्त जनसभा होगी।

कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि 10 मई को ही अपराह्न 3.00 बजे कानपुर में कांग्रेस एवं इंडी प्रत्याशी आलोक मिश्रा के समर्थन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव जनसभा करेंगे।

# जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो को कोर्ट से मिली राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक




**रांची, (हि. स.)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त ( एजेसी 15) अमित शेखर की कोर्ट में जयराम की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 21 मई निर्धारित की है। जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48/22में वारंट लिया है। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

# मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए : लालू यादव



**पटना, (हि.स.)।** बिहार विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को आरक्षण को लेकर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना चाहिए। लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उन आरोपों के भी जवाब दिए, जिसमें वे चुनावी जनसभाओं में आरोप लगाते रहे हैं कि कांग्रेस ने ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिया। इसका जवाब देते हुए लालू यादव ने मुस्लिम आरक्षण की वकालत की और बोले कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू यादव से जब सवाल किया गया कि पीएम मोदी जब बिहार आते हैं तो कहते हैं कि लालू यादव और कांग्रेस धर्म आधारित आरक्षण लागू कर देंगे। इसके जवाब में लालू यादव ने कहा कि वो आरक्षण के पक्षधर हैं न ? वो लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहते हैं। जनता को सब समझ में आ गया है। पत्रकारों ने लालू यादव से सवाल किए कि अमित शाह जब बिहार आते हैं तो जंगलराज की बात कहते हैं। इसपर लालू यादव ने कहा कि वो लोगों को भड़का रहे हैं। दरअसल, वो डरे हुए हैं। इतना डर गए हैं कि लोगों को वो भड़का रहे हैं। लालू से सवाल किया गया कि पीएम कह रहे हैं कि जब कांग्रेस के साथ आप आएंगे तो लोगों की संपत्ति छीन ली जाएगी। इसपर लालू यादव ने कहा कि वो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं।

# आजमगढ़ में सपा विधायक के सामने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे से जुड़ा वीडियो वायरल, जांच के आदेश



**आजमगढ़, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर से सपा विधायक अखिलेश यादव के सामने उनकी ही पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने से जुड़ा वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो संज्ञान में आने के बाद जिले के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। एसपी सिटी ने मंगलवार को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया है, जिसमें एक आपत्तिजनक नारा लगाया जा रहा है। वायरल वीडियो की जांच के आदेश दिए गए हैं। इसकी जांच इंस्पेक्टर मुबारकपुर और साइबर सेल को सौंपी गई है। जो व्यक्ति नारा लगा रहा है उसको हिरासत में लेने के लिए टीम रवाना कर दी गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो विधायक अखिलेश यादव से जुड़ा है, जो आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव के लिए अपने क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं स्थानीय लोग दिख रहे हैं। इसी दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद की नारेबाजी शुरू हो गई। यह वीडियो मुबारकपूर के ढकवा गांव का है। पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगा रहा व्यक्ति पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र यादव बताए जा रहे हैं।

# झारखंड हाई कोर्ट ने कहा, रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए। ड्रग्स की खरीदी-बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा। कोर्ट ने कहा कि पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं, जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी झालसा को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावा जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है। राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर छपी खबर को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल है उन्हें चिह्नित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी थी।

# भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज-जदयू राज्यसभा सदस्य संजय झा ने किया मतदान



**पटना, (हि.स.)।** बिहार की पांच संसदीय सीटों झंझारपुर, अररिया, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया में मंगलवार को तीसरे चरण का मतदान हो रहा है। इन सीटों पर 54 उम्मीदवार में से तीन महिला हैं। 19 उम्मीदवार निर्दलीय तथा 21 विभिन्न दलों से हैं। 14 कैडिडेट बड़ी पार्टियों से चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने भी सुपौल में वोट डाल है। जबकि जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने झंझारपुर में मतदान किया है। मधेपुरा में डीएम विजय प्रकाश मीणा ने अपने परिवार के साथ वोट डाला। वोट देने के बाद उन्होंने फोटो भी खिंचवाई। इसके अलावा झंझारपुर बूथ संख्या 235 मध्य विद्यालय कैथिनियां पर 7.23 बजे तक मतदान नहीं हो पाया है। वीवी पैट में खराबी बताई गई है। पीठासीन पदाधिकारी अम्बुज कुमार ने फोन पर स्वीकारा। जल्द ठीक होने की संभावना जताई जा रही है। मधेपुरा में डीएम विजय प्रकाश मीणा ने अपने परिवार के साथ वोट डाला। वोट देने के बाद उन्होंने फोटो भी खिंचवाई। झंझारपुर में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी उम्मीदवार सुमन कुमार महासेठ तो जेडीयू से रामप्रीत मंडल मैदान में हैं। वहीं, खगड़िया से लोजपा (रामविलास) के राजेश वर्मा तो सीपीआई (एम) के संजय कुमार कुशवाहा ताल ठोक रहे हैं। वहीं, सुपौल में एनडीए गठबंधन की ओर से जदयू के दिलेश्वर कामैत और आईएनडीआईए की ओर से राजद के चंद्रहास चौपाल आमने सामने होंगे। मधेपुरा में जदयू प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव और राजद से कुमार चंद्रदीप मैदान में हैं। इसके अलावा, अररिया में राजद ने शाहनवाज आलम को टिकट दिया है। वहीं, अररिया भाजपा ने प्रदीप सिंह पर भरोसा जताया है।



# ई-रुपी से जुड़ी चिंताओं को ऐसे किया जा सकता है दूर, आरबीआई ने बताया तकनीक से निकलेगा हल

**नई दिल्ली।**

ई-रुपी या सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पायलट प्रोग्राम भी चलाया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने वर्ष 2022 में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके ई-रुपी लॉन्च किया था।

ई-रुपी के लॉन्च के समय से ही इसकी गोपनीयता सबसे बड़ी चिंता बनी हुई थी। कुछ लोग कहते थे कि ई-रुपी के जरिये जो लेनदेन होता है उसका रिकॉर्ड तैयार हो जाता है। ऐसे में रिकॉर्ड के चोरी होने का खतरा बना रहता है। कागजी मुद्रा में इस तरह का खतरा नहीं होता है क्योंकि इसमें लेनदेन की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय होती है।

केंद्रीय बैंक चाहती है कि देश में जिस तरह कागजी मुद्रा के जरिये लेनदेन होता है, ठीक उसी प्रकार ई-रुपी के जरिये भी लेनदेन हो।

### कैसे दूर हो सकती है ई-रुपी से जुड़ी चिंता

बीआईएस इनोवेशन सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि ई-रुपी की गोपनीयता से जुड़ी चिंता पर प्रकाश डाला।

ई-रुपी के ऑफलाइन ट्रांजेक्शन को लेकर केंद्रीय बैंक के अधिकारी इस समस्या के समाधान के लिए काम कर रहे हैं।

सीबीडीसी को ऑफलाइन ट्रांसफर के लिए प्रोग्रामेबिलिटी फीचर पेश करने पर काम कर रही है। प्रोग्रामेबिलिटी फीचर का उद्देश्य है कि खराब इंटरनेट या फिर सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी क्षेत्र में भी पूर्ण रूप से ई-रुपी के जरिये ट्रांजेक्शन किया जा सके।

आरबीआई यूपीआई के साथ सीबीडीसी की इंटरऑपरेबिलिटी को भी सक्षम करने के लिए काम कर रही है।

भारत ने सीबीडीसी को गैर-लाभकारी बना दिया है। इसके लिए बैंक मध्यस्थता के किसी भी संभावित जोखिम को कम करने के लिए इसे ब्याज रहित बनाता है। केंद्रीय बैंक सीबीडीसी बनाता है और बैंक इसे वितरित करता है।

आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने वर्ष 2021 में ई-रुपी की सिक्योरिटी को मजबूत बनाने के लिए आग्रह किया था। ई-रुपी के ट्रांजेक्शन डेटा चोरी ना हो इसके लिए भी काम किया जा रहा है।

देश में ऑनलाइन पेमेंट के लिए यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन भविष्य में यह स्थिति बदल सकती है। जल्द ही ई-रुपी भी ठीक कागजी मुद्रा की तरह गुमनामी की डिग्री हो सकती है।

आरबीआई गवर्नर ने फरवरी में ई-रुपये की पहुंच में विस्तार लाने के लिए आरबीआई ने हाल ही में पायलट प्रोग्राम में गैर-बैंकों की भागीदारी की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### आनंद महिंद्रा ने रोल बेचने वाले दिल्ली के 10 वर्षीय लड़के को की मदद की पेशकश



**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा दिल्ली के एक 10 वर्षीय लड़के की मदद के लिए आगे आए। लड़का अपने पिता के निधन के बाद रोल बेच रहा है। उन्होंने कहा कि लड़के की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए और उनका फाउंडेशन उसकी मदद करेगा। एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए, महिंद्रा ने लड़के को अपना समर्थन दिया और परिवार के लिए उसके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लिखाख,साहस, आपका नाम जसप्रीत है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मेरा मानना है कि वह दिल्ली के तिलक नगर में है। अगर किसी के पास उसका संपर्क नंबर है, तो कृपया इसे शेयर करें। महिंद्रा फाउंडेशन टीम यह पता लगाएगी कि हम उसकी शिक्षा में कैसे सहयोग कर सकते हैं। शेयर किए जाने के बाद से पोस्ट को पांच लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर यूजर्स की खूब प्रतिक्रियाएं आईं। एक यूजर ने लिखा, वह हार नहीं मान रहा है। इस बच्चे ने जिम्मेदारी लेने और अपने लिए खड़े होने का फैसला किया है। उसका साहस प्रेरणादायक है, जो उसे विषम समय में खड़े होने के लिए प्रेरित कर रहा है। एक अन्य यूजर ने कहा, उसका साहस और कभी हार न मानने वाला रवैया प्रेरणादायक है! उसे समाज से सहयोग मिलेगा। एक अन्य यूजर ने उल्लेख किया, जसप्रीत निडर है! शिक्षा महत्वपूर्ण है। यह बहुत अच्छा है कि महिंद्रा फाउंडेशन उसकी शिक्षा में सहयोग के लिए आगे आ रहा है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को अंतरिम जमानत दी, धन शोधन का है मामला



**नई दिल्ली ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। हाईकोर्ट ने गोयल को अपना पासपोर्ट भी सरेंडर करने को कहा है। 75 वर्षीय गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हालांकि अदालत ने उन्हें अपनी पसंद के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। उसके बाद गोयल ने हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी दी थी। उन्होंने अदालत से चिकित्सकीय आधार पर रिहा करने की मांग की थी। उनके वकील हरीश साल्वे ने अदालत में अपील की थी कि गोयल को उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए अंतरिम जमानत दिया जाना चाहिए। हालांकि ईडी की ओर से अदालत में पेश हुए हितेन वेनगांवकर ने गोयल की अपील का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि गोयल को जमानत ना देकर उनके अस्पताल की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। इस पर साल्वे की ओर से तर्क दिया गया था कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी बीमार हैं। गोयल को जांच एजेंसी ईडी ने सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। उनपर केनरा बैंक से मिले 538.62 करोड़ रुपये के लोन की राशि में हेरफेर करने का आरोप है।


### इंतजार हुआ खत्म, अगस्त 2024 में लॉन्च होगी 4जी सेवाएं, इंस्टॉल होंगे 1.12 लाख टावर

**नई दिल्ली ।** यदि आप भी भारत संचार निगम लिमिटेड के ग्राहक हैं और 4जी सर्विस का इंतजार कर रहे हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। बीएसएनएल की 4जी सर्विस इसी साल अगस्त से पूरे देश में लॉन्च हो जाएगी। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, क्योंकि देश में 5जी को लॉन्च हुए दो साल हो चुके हैं और बीएसएनएल 4जी के लिए ही जूझ रहा है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएनएल के अधिकारियों ने कहा है कि अगस्त से देश में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं रोल आउट होना शुरू हो जाएंगी। कहा जा रहा है कि बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क पर 40-45एमबीपीएस तक की स्पीड मिलेगी। बीएसएनएल की 4जी सर्विस 700 मेगाहर्ट्स पर लॉन्च होगी और पायलट प्रोजेक्ट के दौरान इसे 2,100एमएच5 बैंड पर ले जाया जाएगा। बीएसएनएल ने हाल ही में पंजाब में अपनी 4जी सेवाएं शुरू की है। 4जी सर्विस के लिए बीएसएनएल ने टीसीएस और सी-डोट के साथ साझेदारी की है। पंजाब में करीब 8 लाख 4जी सब्सक्राइबर्स हो गए हैं।

# सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पीएलआई विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता खत्म करेगी, रोजगार सृजित करेगी

**नई दिल्ली।**

**सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण के लिए मानक बनाने की कवायद शुरू कर दी है. उद्योग हितधारकों ने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत बनाने व निर्यात को और बढ़ाने के लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा. आईटी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक क्षेत्र के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना तैयार करने के लिए विभिन्न हितधारकों से उनके दृष्टिकोण मांगे हैं।**



विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम से मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) की अपने उत्पादों के लिए विभिन्न घटकों और उप-असेंबली की खरीद के लिए चीन और वियतनाम जैसे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी. ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक ए. गुरुराज ने बताया, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड देश में संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए सरकार के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गुरुराज ने कहा, हम देश में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना का विस्तार करने के सरकार के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं, जो वास्तव में आत्मनिर्भर भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा. सरकार के इस कदम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होंगे. पिछले 10 वर्षों में, जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम शुरू किया है, लाखों नई नौकरियां पैदा हुई हैं। अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में लगभग 12 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण 100 अरब डॉलर से अधिक तक पहुंच गया है। सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) के सीईओ अवनीत सिंह मारवाह ने बताया कि यह कदम घरेलू घटक विनिर्माण को बढ़ावा देने का वादा करता है, जो मेक इन इंडिया पहल को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मारवाह ने बताया, इस समय हम विभिन्न देशों से प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक घटकों की आउटसोर्सिंग पर बहुत अधिक निर्भर हैं. हालांकि, इन-हाउस विनिर्माण की शुरुआत के साथ हम दो महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए खड़े हैं : अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धात्मकता और हमारी आपूर्ति श्रृंखला के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना. विशेषज्ञों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पीएलआई योजना निस्संदेह गेम चेंजर है।

उन्होंने आगे कहा, हमने एक प्रमुख कंपनी को अपने सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन करते हुए देखा है, जबकि अन्य कंपनियां भी इस उभरते पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए तेजी से इसका अनुसरण कर रही हैं।

मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सीएमआर में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक घटकों के निर्माण के लिए पीएलआई योजना का विस्तार भारत के घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण बाधा - विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता को खत्म करने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

राम ने बताया, इस नीति का लक्ष्य घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देना और समय के साथ देश के भीतर मजबूत अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम क्षमताओं के साथ एक अधिक लचीली एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मूल्य श्रृंखला बनाना है, ताकि स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके।

### विदेशी ऑर्डर से सेवा क्षेत्र में वृद्धि 14 साल के शीर्ष पर, मजबूत मांग से मिला समर्थन

**नई दिल्ली।** भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पर दुनिया का भरोसा बना हुआ है। दुनिया के कई हिस्सों से नए ऑर्डर मिलने के कारण देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नरमी के बावजूद अप्रैल, 2024 में 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर एचएसबीसी इंडिया का सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक पिछले माह 60.8 रहा, जो 2010 मध्य के बाद सर्वाधिक है। मार्च, 2024 में सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 61.2 रहा था। एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार थोड़ी धीमी रही। इसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ऑर्डर और आर्थिक वृद्धि का समर्थन मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू कंपनियों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से नए ऑर्डर मिले। इससे सितंबर, 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि रही। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है। धीमी रही कर्मचारियों की भर्ती की रफ्तार नौकरियों के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि नए कारोबारी ऑर्डर में तेजी के बीच कुछ घरेलू सेवा प्रदाताओं ने अप्रैल में नई नियुक्तियां की। हालांकि, कुछ कंपनियों ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी।

## पतंजलि के खिलाफ क्यों और कैसे हो गई कार्रवाई

# डॉ. बाबू केवी ने बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के खिलाफ की थी शिकायत



**नई दिल्ली।**

उत्तराखंड सरकार ने हाल में बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के 14 प्रॉडक्ट्स का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएमओ के निर्देश पर बाबा रामदेव की कंपनी के खिलाफ कार्रवाई हुई है। पीएमओ को भेजी गई एक आरटीआई में शिकायत की गई थी कि पतंजलि आयुर्वेद आयुष उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े कानून का बार-बार उल्लंघन कर रही है। शिकायत में कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग गई थी।

उत्तराखंड की लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने पतंजलि आयुर्वेद के 14 उत्पादों का लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही कंपनी के खिलाफ हरिद्वार की एक अदालत में कानूनी कार्यवाही भी शुरू कर दी है। कंपनी पर ड्रग्स एंड मैजिक रेमाडाइस एक्ट के उल्लंघन का आरोप है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पतंजलि के खिलाफ दोनों एक्शन पीएमओ के निर्देश पर हुए। पीएमओ ने 24 जनवरी को आयुष मंत्रालय को इस बारे में जरूरी उपाय करने को कहा था।

अथॉरिटी ने रेस्पॉन्स में कहा कि डॉ. बाबू केवी ने दिव्य फार्मेसी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा बनाई गई कुछ दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों के बारे में शिकायत की थी। संबंधित कंपनियों को कई बार चेतावनी और नोटिस जारी किए गए। लेकिन इसके बावजूद भ्रामक विज्ञापन जारी रहे, इसलिए अथॉरिटी को कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी। बाबू पिछले दो साल से बाबा रामदेव के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लेकिन राज्य सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। इसके बाद बाबू ने पीएमओ और सुप्रीम कोर्ट से इसमें हस्तक्षेप करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई थी। पतंजलि ने हाल में अखबारों में एक माफीनामा प्रकाशित किया था। इसमें कहा कि कंपनी अदालत का पूरा सम्मान करती है और गलतियों को नहीं दोहराया जाएगा।

# अनिल अंबानी की कंपनी का बिग एफएम 92.7 अब सफायर मीडिया का होगा, एनसीएलटी ने दी सौदे को मंजूरी

**नई दिल्ली ।**

एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली बिग एफएम 92.7 को खरीदने के लिए सफायर मीडिया के रिजोल्यूशन प्लान को अपनी मंजूरी दी है। इस संबंध में एनसीएलटी बेंच ने आदेश भी जारी कर दिया है। अनिल अंबानी के रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क के स्वामित्व वाले बिग एफएम 92.7 का मालिकाना हक अब सफायर मीडिया के पास चला गया है। इस अधिग्रहण को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने अपनी मंजूरी दे दी है।

एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने बिग एफएम 92.7 को खरीदने के लिए सफायर मीडिया के रिजोल्यूशन प्लान को अपनी मंजूरी दी है। इस संबंध में एनसीएलटी बेंच ने आदेश भी जारी कर दिया है। इस अधिग्रहण को मंजूरी देने वाली एनसीएलटी की बेंच में न्यायिक सदस्य रीता कोहली और तकनीकी सदस्य मधु सिन्हा शामिल थी।

सफायर मीडिया के रिजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी देने के साथ ही एनसीएलटी बेंच ने एक




मॉनिटरिंग कमिटी का गठन करने का भी आदेश दिया है। मॉनिटरिंग कमिटी रिजॉल्यूशन प्लान से जुड़ी प्रक्रिया से संबंधित रिपोर्ट एनसीएलटी को सौंपेगी। बिग एफएम का मालिकाना हक हासिल करने के लिए सफायर मीडिया 261 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। बिग एफएम देश का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क है, जो लगभग 1200 शहरों और 50 हजार गांवों तक फैला है। देश में इसके 58 रेडियो स्टेशन हैं। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही बिग एफएम को खरीदने का प्रस्ताव सफायर मीडिया ने फरवरी 2022 में दिया था। उसके बाद इसके समाधान पेशेवर के रूप में रोहित मेहरा की नियुक्ति की गई थी।

# शार्क-टैंक ने स्टार्टअप डोर्जे टीज को भेजा लीगल नोटिस: टी-कंपनी ने शो के क्लिप को अपने ऐड में यूज किया था, कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।**

सोनी पर आने वाले रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया के मेकर्स ने स्टार्टअप टी-कंपनी डोर्जे टीज को कॉपीराइट उल्लंघन के लिए लीगल नोटिस भेजा है। डोर्जे टीज के को-फाउंडर स्पर्श अग्रवाल ने खुद इस बात की जानकारी दी।

**स्टार्टअप ने शो में पिच के क्लिपों को अपने यूट्यूब और मेटा ऐड में यूज किया** - स्पर्श अग्रवाल ने लिंक्डइन पोस्ट में बताया कि शो में उनकी खुद की पिच के क्लिपों को अपने यूट्यूब और मेटा ऐड में यूज करने के लिए कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर उन्हें यह लीगल नोटिस मिला है। उन्होंने बताया कि शार्क टैंक पर दिखाई देने वाले हर स्टार्टअप पर अब नकेल कस दी गई है। स्पर्श ने कहा कि उन्हें लगता है कि कॉपीराइट रेगुलेशन इसका सपोर्ट करते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि वे ऐसा करेंगे। डोर्जे टीज एक सब्सक्रिप्शन-बेस्ड टी फर्म है, जो पूरे देश में कंज्यूमर्स को खेत से ताजा ऑर्गेनिक दार्जिलिंग टी सप्लाई करती है। अग्रवाल ने बताया कि बियॉन्ड स्नैक, वाकाओ



फूड्स, नैशेर माइल्स, डोर्जे टीज, हूवू फ्रेश, असेंबली, स्किप्पी, परफोरा और कई अन्य बिजनेस हर महीने शार्क टैंक के कंटेंट को प्रमोट करने के लिए हजारों डॉलर खर्च करते हैं, जो फ्री विजिबिलिटी और ब्रांड रिकॉल प्रोवाइड करके शार्क टैंक इंडिया को लाभ पहुंचाता है।

**छोटे स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की पहल के पूरी तरह से खिलाफ** - स्पर्श ने आगे कहा कि यह छोटे स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की पहल के पूरी तरह से खिलाफ है। स्पर्श ने इसे सोनी के कुछ एग्जीक्यूटिव या लीगल पर्सन द्वारा बनाया गया एक खराब बिजनेस ऑप्शन बताया। स्पर्श ने कहा, शार्क टैंक सीजन-3 का फोकस एक नया भारत बनाने और भारत में स्टार्टअप माहौल में सपोर्ट करने पर रहा है। उन्होंने एक सेल्फी वीडियो में पूछा, मगर इस तरह नया इंडिया कैसे बनेगा

**अमेरिकी शो शार्क टैंक का इंडियन एडेप्टेशन है शार्क टैंक इंडिया** - शार्क टैंक इंडिया का यह तीसरा सीजन था, जो 31 मार्च को खत्म हो गया। यह अमेरिकी शो शार्क टैंक का इंडियन एडेप्टेशन है। इस शो में उभरते एंटरप्रेन्योर्स को अपने प्रोडक्ट्स और सर्विसेस को इन्वेस्टर्स और शार्क्स के एक पैनल के सामने पेश करने का मौका मिलता है। इसके बाद शार्क्स एंटरप्रेन्योर्स की कंपनियों में इन्वेस्ट करने का फैसला लेते हैं। शार्क टैंक इंडिया का पहला सीजन दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 तक चला था, जबकि दूसरा सीजन जनवरी 2023 में शुरू और मार्च 2023 में खत्म हुआ था।

## सेबी ने ट्रेडिंग का समय बढ़ाने का प्रस्ताव किया खारिज

# एनएसई ने दिया था डेरिवेटिव मार्केट में समय बढ़ाने का प्रस्ताव

**मुंबई।**

**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को डेरिवेटिव सेगमेंट में कारोबार का समय बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था मगर बाजार नियामक ने प्रस्ताव पर ब्रोकरों के एकमत नहीं होने की वजह से उसे खारिज कर दिया। एनएसई ने बाजार नियामक से डेरिवेटिव मार्केट को अतिरिक्त तीन घंटे शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक खोलने का अनुरोध किया था।**

एनएसई का तर्क था कि इससे बाजार भागीदारों को देर शाम वैश्विक संकेतों का



आकलन करने और उसके हिसाब से खरीद-बिक्री करने में मदद मिलेगी। लेकिन शेयर ब्रोकरों में इस पर सहमति नहीं थी। ब्रोकरों का कहना था कि इससे उनकी लागत बढ़ जाएगी और अतिरिक्त तकनीक की भी जरूरत होगी।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रस्ताव को फिलहाल ठंडे बस्ते में डालने की पुष्टि की। एनएसई के नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि फिलहाल कारोबार का समय बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि ब्रोकरों की ओर से इस बारे में अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से सेबी ने हमारा आवेदन खारिज कर दिया।

इसलिए मार्केट का समय बढ़ाने की योजना फिलहाल स्थगित कर दी गई है।' इस साल की शुरुआत में शेयर ब्रोकरों के निकाय एसोसिएशन ऑफ नैशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि बंबई स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम अलग सेगमेंट के पक्ष में नहीं था। बाजार नियामक ने बाजार में कारोबार का समय बढ़ाने के साथ ही अन्य मुद्दों पर ब्रोकरों के बीच आम राय बनाने के लिए ब्रोकर्स इंडस्ट्री स्टैंडर्ड फोरम का गठन किया था जिसमें ब्रोकरों के तीन संगठन बतौर सदस्य शामिल थे।

सूत्रों के अनुसार आईएसएफ ने पिछले महीने प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां सौंपी थीं। उसने न तो बाजार का समय बढ़ाने की जरूरत की पुष्टि की और न ही इससे जुड़ी चुनौतियों से इनकार किया। बाजार नियामक ने एक्सचेंज के परिचालन, सौदों का निपटान, पोजीशन की निगरानी और जोखिम प्रबंधन के मसले पर सवाल उठाए थे।

दूसरी ओर कई ब्रोकरों ने छोटे निपटान चक्र, ब्लॉक मैकेनिज्म तथा ग्राहकों के पैसों के उपयोग सहित अन्य नियामकीय बदलावों के बीच अतिरिक्त लागत और अनुपालन पर चिंता जताई थी। ब्रोकरों की राय थी कि कारोबार का समय बढ़ाने से तकनीक और मानव संसाधन पर अतिरिक्त निवेश करने की जरूरत होगी और संभवत: यह उतना लाभकारी नहीं होगा। एनएसई की इरादा विस्तारित घंटों में केवल इंडेक्स डेरिवेटिव में ट्रेडिंग की अनुमति देने की थी।



# रोहित को वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ देखना चाहता हूं: युवराज

**नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एम्बेसडर और भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारत के आईसीसी ट्रॉफी सूखे को खत्म करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन किया है।

आईसीसी के बड़े टूर्नामेंटों में कई बार टीम इंडिया को अंतिम क्षणों में हार का सामना करना पड़ा, इन विफलताओं के बाद जैसे कि 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दिल तोड़ने वाली हार, 2023 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल और सबसे बड़ी वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली फाइनल मुकाबले की हार।

अब टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2024 में अपना पूरा ध्यान केंद्रित करेगी और अपनी पुरानी गलतियां दोहराना नहीं चाहेगी।

रोहित के साथ समय बिताने और उनके अविश्वसनीय कारनामों को देखने के बाद, युवराज को प्रतिबद्धता, प्रतिभा और धैर्य की प्रत्यक्ष समझ हुई है, जिसने इस विनाशकारी बल्लेबाज को भारतीय क्रिकेट के शीर्ष पर पहुंचाया है।

रोहित की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। मुझे लगता है कि हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है, एक समझदार कप्तान जो दबाव में अच्छी तरह से निर्णय लेता है और वह इस क्षमता वाला व्यक्ति है। जब हम विश्व कप 2023 फाइनल में हारे तो वह हमारे कप्तान थे। उन्होंने एक कप्तान के रूप में पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं, मुझे लगता है कि हमें भारत की कप्तानी के लिए उनके जैसे किसी व्यक्ति की जरूरत है।

2007 में जब रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था तब युवराज टीम में थे। युवराज का विकेट गिरने के बाद वह पहली बार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दिखाई दिए। 42 वर्षीय ने रोहित के बारे में अपनी पहली छाप को याद किया, जो 17 साल की कम उम्र में भारतीय टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने भारत के कप्तान की जमकर तारीफ की और मैदान के अंदर और बाहर उनके नेतृत्व, सौहार्द और विनम्रता पर प्रकाश डाला।

युवराज ने मजाक में कहा, उसकी इंग्लिश बहुत खराब है। बहुत मजाकिया आदमी है। बोरीवली मुंबई की सड़कों से, हम हमेशा उसे चिढ़ाते हैं। लेकिन दिल से एक महान व्यक्ति। उन्हें जितनी अधिक सफलता मिली, एक व्यक्ति के रूप में उनमें कभी बदलाव नहीं आया। यही रोहित शर्मा की खूबसूरती है।

मौज-मस्ती करने वाले, हमेशा लोगों के साथ मस्ती करने वाले, मैदान में एक महान लीडर और क्रिकेट से मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक। मैं वास्तव में रोहित शर्मा को विश्व कप ट्रॉफी और विश्व कप पदक के साथ देखना चाहता हूं। वह वास्तव में इसके हकदार हैं।

भारत को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।

रोहित की अगुवाई वाली टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्टिमैक ने प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची की घोषणा की



**नई दिल्ली।** कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन राउंड 2 मैचों में हर हाल में जीत से पहले, भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 संभावितों की दूसरी सूची की घोषणा की है। पहली सूची में 26 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 10 मई को शिविर के लिए रिपोर्ट करेंगे। दूसरी सूची में इंडियन सुपर लीग के दो फाइनलिस्ट मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के 15 खिलाड़ी शामिल हैं और वे 15 मई को शिविर के लिए रिपोर्ट करेंगे, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ड्यूटी पर जाने से पहले पर्याप्त आराम मिलेगा। राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुने गए 41 खिलाड़ी 1 जून को टेबल टॉपर्स का सामना करने के लिए कतर जाने के बाद 6 जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ने के अवसर की तैयारी करेंगे। भारत इस समय तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसे इस दौर के अंतिम दो मैचों में कड़ी मेहनत करनी होगी अन्यथा ब्लू टाइगर्स के लिए शुरुआती निराशा सामने आ सकती है क्योंकि अफगानिस्तान और कुवैत दोनों अभी भी बहुत अधिक प्रयास में हैं। शीर्ष दो टीमें क्वालीफायर के अगले दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी। भुवनेश्वर कैंप के लिए 15 संभावितों की दूसरी सूची (15 मई से प्रशिक्षण): गोलकीपर: फुरबा टेम्पा लाचेनपा, विशाल कैथ डिफेंडर: आकाश मिश्रा, अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस मिडफील्डर: अनिरुद्ध थापा, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियानजुआला चांगटे, लिस्टन कोलाको, सहल अब्दुल समद फॉरवर्ड: मनवीर सिंह, विक्रम प्रताप सिंह भुवनेश्वर कैंप के लिए 26 संभावितों की पहली सूची (10 मई से प्रशिक्षण): गोलकीपर: अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू। डिफेंडर: अमेय गणेश रानावाडे, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मुहम्मद हम्माद, नरेंद्र, निखिल पुजारी, रोशन सिंह नाओरेम।

### टी20 विश्वकप में नजर नहीं आयेंगे आईपीएल में धूम मचाने वाले नरेन

**मुम्बई ।** आईपीएल 2024 सत्र में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से धूम मचाने वाले वेस्ट इंडीज के सुनील नरेन आगामी टी20 विश्वकप कप में नजर नहीं आयेंगे। नरेन से विश्वकप में खेलने के लिए इंडीज टीम के कप्तान रोवमन पॉवेल ने संन्यास से वापसी की अपील की थी पर इस क्रिकेटर ने ये कहते हुए इंकार कर दिया कि ये स्थान किसी युवा क्रिकेटर को मिलना चाहिये। नरेन ने आईपीएल में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं जबकि14 विकेट भी लिए हैं। वह आईपीएल में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे नंबर पर हैं और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में छठे नंबर पर है। नरेन इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब इस टी20 लीग में 41.90 की औसत और 183.66 स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 14 विकेट भी लिए हैं। अब तक केवली 5 गेंदबाज ही उनसे ज्यादा विकेट ले पाए हैं इसके बाद भी वह वेस्टइंडीज की टीम में नहीं रहेंगे। पॉवेल ने नरेन को मनाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं माने। पॉवेल ने कहा कि नरेन को वेस्टइंडीज की विश्व कप टीम का हिस्सा बनना चाहिये। पॉवेल ने कायरन पोलार्ड सहित कई दिग्गजों से भी अपनी बात नरेन तक पहुंचाई पर नरेन ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर संन्यास लिया है और अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। सुनील नरेन ने नवंबर 2023 में ही संन्यास का ऐलान किया है।



### गावस्कर ने विराट के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये बयान का बचाव किया

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में विराट कोहली के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये अपने बयान का बचाव किया है। गावस्कर ने कहा कि कमेंटरी करने पर जो दिखता है वही हम बोलते हैं। इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाने विराट पावर प्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का केन्द्र बने थे। इसके बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर सबका मुंह बंद कर दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स को को मिली जीत के बाद विराट ने स्ट्राइक रेट को लेकर अपनी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया थी। वहीं उनके बयान से गावस्कर नाराज दिखे। गावस्कर ने कहा कि कमेंटेटर कोहली से सवाल इसलिए पूछ रहे थे क्योंकि वह 118 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे और 14-15वें ओवर में आउट हुए थे। वहीं विराट ने गुजरात के खिलाफ 70 रन बनाकर कहा था कि वो सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे अच्छे से स्पिन नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं वो नहीं जानते कि मेरे लिए केवल टीम को जीत दिलाना ही मायने रखता है।

महिला टी-20 में भारत का बांग्लादेश पर जीत का चौका

# भारत ने मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता; सीरीज में 4-0 की बढ़त



**नई दिल्ली ।**

भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत का चौका लगाया। चौथा टी-20 बारिश से बाधित रहा, जिस वजह से मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया। भारत ने यह मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में भारतीय महिला टीम ने 4-0 की बढ़त बना ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 6 विकेट पर 122 रन बनाए। उसकी ओर से प्लेयर ऑफ द मैच हरमनप्रीत ने 26 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 68/7 का स्कोर ही बना सकी।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर शेफाली वर्मा 4 स्कोर पर आउट हो गई। उन्होंने 4 गेंदों में केवल 2 रन ही बनाए। वहीं स्मृति मंधाना भी 18 गेंदों पर 22 रन बना कर लौट गई। वहीं हेमलता भी 14 गेंदों पर 22 रन बनाईं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। हरमनप्रीत कौर ने 39 और ऋचा घोष ने 24 रन बनाए।

#### लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी बांग्लादेश की टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत काफी धीमी रही और टीम पावरप्ले के चार ओवर में एक विकेट पर 21 रन ही बना सकी। टीम ने इस दौरान मुर्शीदा खातून (01) का विकेट गंवाया जिन्हें दीप्ति ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच कराया। दिलारा 25 गेंद में दो चौकों से 21 रन की धीमी पारी खेलने के बाद दीप्ति की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हो गईं। एक गेंद बाद रूबिया भी रन आउट हो गईं। शोभना ने कप्तान निगारा सुल्ताना (01) को एल्बीडब्ल्यू आउट किया जिससे चार गेंद के भीतर बांग्लादेश का स्कोर एक विकेट पर 38 रन से चार विकेट पर 39 रन हो गया। बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 68 रन ही बना सकी। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने 2-2 विकेट लिए। वहीं पूजा और राधा यादव को 1-1 विकेट मिले।

### द्रविड़ से कही श्रीसंत की एक बात ने बदली सैमसन की तस्वीर

**नई दिल्ली ।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का कहना है कि एस श्रीसंत का उनकी सफलता में बड़ा योगदान है। सैमसन के अनुसार तेज गेंदबाज एस श्रीसंत के बोले एक झूठ से उनकी किस्मत बदल गयी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने काफी पहले रॉयल्स के कप्तान राहुल द्रविड़ से कहा था कि एक स्थानीय मैच में संजू ने उनकी गेंदों पर छह छक्के मारे थे। इसके बाद ही मुझे अवसर मिले। सैमसन ने 2009 में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से आईपीएल में प्रवेश किया हालांकि उन्हे खेलने का अवसर नहीं मिला। पहला खिताब जीतने के बाद फ्रैंचाइजी ने सैमसन को बिना उतारे ही रिलीज कर दिया। यह वही समय था जब सैमसन को अपनी योग्यता साबित करने की जरूरत थी। एक वीडियो में सैमसन ने कहा, केकेआर के साथ होने के कारण मुझे कोई अवसर नहीं मिल रहा था पर पर आरआर के खिलाफ मैच के दौरान जब राहुल द्रविड़ उनकी कप्तानी कर रहे थे तो श्रीसंत ने उन्हें होटल लॉबी में देखा और मेरी सहायता की। उन्होंने उनसे कहा, केरल का एक लड़का है, जिसने मुझे स्थानीय टूर्नामेंट में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। हमें निश्चित रूप से उसे एक ट्रायल का अवसर देना चाहिए। श्रीसंत की इस बात से सैमसन को सहायता मिली। रॉयल्स ने उन्हें चुना और 2013 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे उनकी टीम में एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं।

## भारत की टी20 विश्व कप उम्मीदों के लिए दो खिलाड़ी यशस्वी और शिवम महत्वपूर्ण :रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।**

पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भारत के लिए सीनियर आईसीसी स्पर्धाओं में पदार्पण करने के लिए तैयार दो खिलाड़ियों - यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को चुना है, जो जून 2024 में कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप में टीम की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण हैं। जायसवाल और दुबे को अगले महीने से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है। जहां पूर्व खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में रिकॉर्ड रनों के साथ शीर्ष फॉर्म में थे, वहीं दुबे ने मौजूदा आईपीएल में 11 मैचों में 26 छक्के लगाए हैं और बल्ले से शीर्ष फॉर्म में हैं। शास्त्री ने आईसीसी को बताया, जिन दो खिलाड़ियों पर आपको नजर रखनी होगी, और दोनों बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं, दोनों अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक हैं (यशस्वी) जायसवाल। हम उसके बारे में बहुत कुछ जानते हैं, उसने इंग्लैंड के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, शीर्ष क्रम में विस्फोटक, बाएं हाथ का, वह युवा है, वह निडर है और वह शॉट्स खेलेगा। शास्त्री ने दुबे को भारतीय टीम से बाहर देखने के लिए एक और खिलाड़ी के रूप में चुना। शास्त्री ने कहा, लेकिन मध्य क्रम में कोई है, कृपया (उससे) सावधान रहें, क्योंकि वह विस्फोटक है, वह विनाशकारी है और वह मैच विजेता है। वह मनोरंजन के लिए छक्के मारता है, और जब स्पिन गेंदबाजी की बात आती है, तो वह आपको मार सकता है।



वह लॉन्ग आइलैंड से कुछ गेंदें छोटे द्वीप में पार्क करेगा, वह उस तरह का खिलाड़ी है। वह इसे बड़ा मारता है, वह इसे लंबा मारता है, और जैसा कि मैंने कहा, स्पिन के खिलाफ, वह आपको मार सकता है। यहां तक कि तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी, उसने अपने खेल पर काम किया है, वह खेलने के तरीके को समझ गया है और मुझे लगता है कि वह नंबर पांच, नंबर छह की स्थिति में महत्वपूर्ण है क्योंकि यदि आप निराशा में हैं, तो आप चाहते हैं कि कोई इसे बदल दे। 20-25 गेंदें, वह खेलने लायक खिलाड़ी है। दुबे ने आईपीएल 2024 में 170.73 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि इस साल 11 आईपीएल मैचों में उन्होंने 350 रनों में 40 से अधिक का औसत निकाला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की शास्त्री ने बहुत प्रशंसा की, उनका मानना है कि दुबे की बड़ी हिट प्रतियोगिता में भारत के लिए बड़े स्कोर का रास्ता खोल सकती है। उनका स्ट्राइक रेट, जो ज्यादातर समय 200 के करीब होगा, भारत को आगे बढ़ने में काफी मदद करेगा, उन 190, 200 को हासिल करने में, जिनकी बड़ी प्रतियोगिताओं में जरूरत होती है, खासकर (टी20) विश्व कप में। तो इसका आनंद लीजिए, इस बाएं हाथ के खिलाड़ी से सावधान रहें - वह बड़ा है, वह स्ट्रैपिंग कर रहा है, और वह लंबी गेंद मारता है।

## मलयेशियाई फुटबॉलर पर जानलेवा हमला, तेजाब फेंका तीन दिन पहले लूटपाट में घायल हुआ था एक साथी खिलाड़ी

**कुआलालंपुर ।**

मलयेशिया के एक फुटबॉलर पर जानलेवा हमला हुआ। फैसल हलीम नाम के इस फुटबॉलर पर एक शॉपिंग मॉल में तेजाब फेंका गया, जिससे वह झुलस गया। सेलांगोर राज्य के खेल अधिकारी नजवान हलीमी ने बताया कि मलयेशिया की राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी फैसल पर कुआलालंपुर के बाहर पेटलिंग जाया जिले में हमला किया गया। इससे फैसल घायल हो गए। उनकी गर्दन, कंधे, हाथ और सीने पर जख्म के निशान हैं। 26 साल के फैसल सेलांगोर फुटबॉल क्लब में विंगर हैं।



#### फैसल की तस्वीर ऑनलाइन वायरल हुई

नजवान ने कहा, मैं इस हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं और पुलिस से अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ने का आग्रह करता हूं। सेलांगोर पुलिस प्रमुख हुसैन उमर खान के मुताबिक, इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, उसने अब तक इसके पीछे के मकसद का खुलासा नहीं किया है। ऑनलाइन वायरल हुई एक तस्वीर में फैसल को एक बेंच पर बैठे दिखाई दिए और उनके शरीर पर जलने के निशान हैं।

#### तीन दिन पहले साथी खिलाड़ी हमले में हुआ था घायल

इस हमले से तीन दिन पहले एक अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ी अख्यार राशिद पूर्वी राज्य तेरेंगानु में अपने घर के बाहर लूटपाट में घायल हो गए थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार दो अज्ञात संदिग्धों ने 25 वर्षीय अख्यार पर लोहे की रॉड से वार किया और उनके सिर और पैर में चोटें आईं थीं, जिससे उन्हें टांके लगाने पड़े थे। स्थानीय पुलिस प्रमुख अज़ली नूर ने कहा कि संदिग्ध अख्यार के पैसे लेने के बाद भाग गए थे। मलयेशिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष का बयान मलयेशिया फुटबाल संघ के अध्यक्ष हमीदीन मोहम्मद अमीन ने कहा कि वह राष्ट्रीय टीम के दो खिलाड़ियों पर दोनों हमलों से निराश और दुखी हैं।

# बारिश के कारण पहले गुवाहाटी और फिर वाराणसी पहुंची केकेआर टीम

**नई दिल्ली।**

**कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ अपना पिछला आईपीएल 2024 का मैच खेलकर वापस कोलकाता लौट रही थी लेकिन देश के पूर्वी हिस्से में तेज़ बारिश के कारण उनकी फ़्लाइट लैंड नहीं हो सकी। केकेआर मीडिया टीम ने जानकारी दी कि उन्होंने शाम 5: 45 पर लखनऊ से उड़ान भरी, जहां उन्होंने शाम 7.25 पर लैंड होना था।**

रात 8.46 पर उन्हें बताया गया, कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनकी चार्टर फ़्लाइट को गुवाहाटी भेजा जा रहा है, हम अभी यहीं उतरे हैं। हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है, जहां बताया गया कि चीज़ें सही नहीं जा रही हैं। फ़्लाइट ने गुवाहाटी से कोलकाता को उड़ान भरी थी और कई प्रयासों के बाद एक बार फरि ख़राब मौसम के कारण फ़्लाइट लैंड नहीं हो सकी। अब फ़्लाइट को वाराणसी भेजा गया है और हम बस उतरने वाले हैं। कोलकाता वापसी की फ़्लाइट की है। वाराणसी से उड़ान भरने की उम्मीद है। उनके लिए खुशकिस्मती यह रही कि आईपीएल में उनका अगला मैच एक सप्ताह के अंतराल के बाद है। पिछले मैच में उन्होंने लखनऊ को 98 रन से हराकर अंक तालिका में पहला स्थान अर्जित किया था। अब उनको अपने घर में मुंबई इंडियंस का सामना करना है। इसके बाद अहमदाबाद में 13 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ मैच खेलने हैं। कोलकाता में मूसलाधार बारिश हुई, जहां पिछले कुछ दिनों और हफ्तों में रिकॉर्ड-उच्च तापमान दर्ज किया गया था, समाचार प्रसारणों और सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में सड़कों पर पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा था।



# मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया, किया बड़ा उलटफेर

नई दिल्ली ।

पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया।



#### शुरुआती गेम में हारकर की वापसी

मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गईं, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।

#### यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि

भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की। मैं अपने कोच अमन बाल्पु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने अगले मैच में इस जज्बे को बरकरार रखूंगी।

#### हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने अल्वारो रोबल्स और मारिया जिओ की स्पेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-2 (11-5, 5-11, 3-11, 11-7,11-7) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले चिली के निकोलस बर्गोस और पॉलिना वेगा की जोड़ी को 3-2 (11-7, 9-11, 11-4, 4-11, 11-5) से हराया था। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी ने मरियम और मारवा अल्होदाबी को 3-0 (11-7, 1-3, 11-4) से हराकर प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

#### श्रीजा अकुला में मिली हार

### आईपीएल के समय पीएसएल का आयोजन पीसीबी के लिए होगा नुकसानदेह

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का आयोजन अप्रैल-मई में करने जा रहा है। वहीं इसी समय पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल का आयोजन करता है। ऐसे में पीएसएल का आयोजन पीसीबी को महंगा पड़ सकता है। इसका कारण ये है कि पीएसएल के लिए आईपीएल जैसी विश्व की सबसे महंगी टी-20 लीग का मुकाबला करना कठिन रहेगा। इसका कारण है कि पीएसएल को को विदेश खिलाड़ी मिलना कठिन हो जाएंगे कयोंकि सभी की पसंद आईपीएल होता है। अब तक रोवमैन पॉवेल, शेन रदरफोर्ड, सिकंदर रजा, ल्यूक वुड, राइली रूसो, शेमार जोसफ, शाई होप और डेविड विली ही आईपीएल के अलावा पीएसएल के इस सत्र में नजर आए थे। वहीं पिछले कुछ सत्र में आंद्रे रसेल, राशिद खान और सुनील नरेन ने भी पीएसएल में खेला था। यदि दोनों टूर्नामेंट एक ही समय हुए तो विदेशी खिलाड़ी आईपीएल की तरह आयेंगे और पीएसएल को दूसरे दर्जे के ही क्रिकेटर मिल पायेंगे। इसके अलावा पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए भी मुश्किल होगी क्योंकि दोनो ही टूर्नामेंट एक ही समय पर होते हैं। ऐसे में मैच का समय एक होने से पीएसएल की व्यूवरशिप कम होना तय है। वैसे ही टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम में कम होते दर्शकों से पीसीबी पहले ही परेशान है। अब तक देखा गया है कि आईपीएल के दौरान कोई अन्य क्रिकेट बोर्ड अपनी घरेलू लीग नहीं आयोजित करता है। इतना ही नहीं अपने खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने की अनुमति भी देता है। वहीं पीएसएल के पास कोई अलग से विंडो नहीं है, ऐसे में सिर्फ वही खिलाड़ी इसमें खेलने पहुंचते हैं जो या तो अपनी टीम से बाहर चल रहे हैं या फिर संन्यास से चुके हैं। इन हालातों में आईपीएल से सामने पीएसएल के लिए टिकना असंभव होगा।

# नवजात की साफ-सफाई का यूं रखें ध्यान, नहलाते समय न करें ये 5 गलतियां



साफ-सुथरे बच्चे किसे नहीं पसंद. अक्सर नवजात बच्चों को साफ करना मुश्किल काम हो जाता है. एक तो वे नाजुक इतने होते हैं ऊपर से बार-बार नेपी में ही सुसु करने से कई बार उनके पास नमी ज्यादा हो जाती है, जिससे एक अजीब तरह की गंध पैदा होती है. ऐसे में माता-पिता अपने नवजात को नहला कर उसकी साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि नन्हें बच्चों को नहलाते समय किन बातों का रखना चाहिए ख्याल... माना की शिशु बहुत जल्दी गंदे हो जाते हैं, लेकिन कई बार सही तरीके से या सावधानियां न बरत कर उन्हें नहलाने पर यह और बुरा साबित होता है.

चलिए एक नजर उन बातों पर जो एक नन्हें शिशु को नहलाते हुए आपको रखनी चाहिए ध्यान-

## स्टंप से न करें छेड़छाड़

बच्चे के जन्म के बाद उसकी नाभी से जुड़ी प्लेसेंटा की कोड को काट कर अलग किया जाता है. इसके बाद बच्चे की नाभि के पास बचे कोड के भाग को स्पंट लगा कर खून के बहाव का रोका जाता है. जैसे जैसे बच्चा बड़ा होता है यह स्टंप सूख कर खुद ही गिर जाता है. लेकिन नवजात को नहलाते समय इसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है. उसे ज्यादा न छेड़ें और खुद से हटाने की कोशिश तो बिलकुल भी न करें. ताजा स्टंप पर पानी ड़ालने से भी बचना चाहिए. उसके आसपास के भाग को कॉटन से सावधानी से साफ करें.

## वर्निक्स है जरूरी

जब बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी त्वचा पर एक चिकना और सफेद पदार्थ होता है. इसे वर्निक्स कहते हैं. यह आपके बच्चे की त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है. वर्निक्स को बच्चे के जन्म के कम से कम छह घंटे बाद तक उसके शरीर पर रखें. वर्निक्स जन्म के बाद बच्चे की त्वचा के लिए प्राकृतिक कोट का काम करता है.

## बहुत गर्म पानी से करें परहेज

क्योंकि नवजात बच्चे की त्वचा बहुत सेंसिटिव होती है, इसलिए उसे बहुत गर्म पानी से न नहलाएं. इससे बच्चे की त्वचा पर रैशेस हो सकते हैं. बच्चे को नहलाने से पहले पानी को अपने हाथ पर ड़ालकर देख लें कि वह ज्यादा गर्म तो नहीं है. उसके बाद ही बच्चे को नहलाएं.


## उत्पादों का सही इस्तेमाल

हर माता पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छा दिखे. कई बार इसलिए ही वे शिशु उत्पादों का अधिक इस्तेमाल भी कर लेते हैं. लेकिन इस आदत से बचने की जरूरत है. हालांकि कुछ चीजों का इस्तेमाल तो जरूरी होता है, लेकिन कई चीजें हम बस यूं ही ले लेते हैं. बच्चे की त्वचा बहुत कोमल होती है, उस पर अधिक उत्पादों का इस्तेमाल करने से उसे नुकसान पहुंच सकता है.

## बार-बार नहलाना

माना कि आप अपने बच्चे को अच्छी आदतें ड़ालना चाहते हैं और इन्हीं आदतों में से एक ही बच्चे को रोज नहाने की आदत हो. लेकिन यह आदत ड़ालने के लिए अभी आपको पास बहुत समय है. नवजात को रोज-रोज नहलाना जरूरी नहीं. आप उन्हें साफ करने के लिए बेबी वाइप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं. ज्यादा बार या बार-बार नहलाने से बच्चे की त्वचा पर मौजूद कोट को नुकसान पहुंच सकता है.

# ताकि आप दिखें खूबसूरत, यूं मेकअप का असर रहेगा देर तक...



मेकअप में फाउंडेशन का इस्तेमाल आपको अच्छा या बुरा दोनों दिखा सकता है. यह आपके प्रयोग के तरीके पर निर्भर करता है. फाउंडेशन लगाने से पूर्व प्राइमर का प्रयोग करें और फाउंडेशन को हल्के पाउडर की मदद से सेट करें. फाउंडेशन लगाने के कुछ सुझावों पर एक नजर डालें

» फाउंडेशन लगाने से पूर्व फेसवॉश से चेहरा और हाथ अच्छी तरह धुलें. तैलीय त्वचा वाले चाय पत्ती के तेल, नीम के गुणों और सैलीसिलिक एसिड वाले फेसवॉश का इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा शुष्क हुए बिना अच्छी तरह साफ हो जाए.

» उंगलियों की मदद से फाउंडेशन न लगाएं. फाउंडेशन ब्रश अपनाएं. यह आपकी त्वचा को कीटाणु मुक्त रखने में मददगार है.

» फाउंडेशन लगाने से पूर्व प्राइमर का प्रयोग करें. ऐसा करने से फाउंडेशन देर तक टिका रहेगा. प्राइमर चेहरे को केमिकल के संपर्क में आने से बचाता है और इससे आपका चेहरा स्वस्थ दिखता है.

» फाउंडेशन लगाने से पूर्व मॉश्चराइजर , सनस्क्रीन या प्राइमर लगाएं और इसे दो मिनट के लिए सेट होने के लिए छोड़ दें. अगर आपको लगता है कि ऐसा करने से आपकी त्वचा तैलीय लग रही है, तो मुलायम टिश्यू से चेहरा पोछ लें.

» उसके बाद गाल, माथे, ठुड्डी और नाक के ऊपर फाउंडेशन की डॉट लगाएं. पूरे चेहरे पर फाउंडेशन न लगाएं. याद रहे फाउंडेशन लगाने का उद्देश्य चेहरे को ढंकना नहीं, बल्कि चेहरे के कम उजले हिस्से को निखारना है.

» अब चेहरे पर लगाई गई फाउंडेशन की डॉट को ब्रश की मदद से अच्छे से फैला लें.

» फाउंडेशन को हल्के पाउडर से सेट करें. ऐसा करने से आपका लुक नेचुरल लगेगा. पूरे चेहरे पर पाउडर लगाने की जरूरत नहीं है.

# आंखों को बनाएँ स्मोकी ताकि सभी आंखें आप पर ठहर जाएँ



चेहरे की खूबसूरती में सबसे बड़ा योगदान होता है आंखों का। बहुत से गीतकारों और शायरों ने भी आंखों की खूबसूरती के लिए बहुत से गीत व शायरी लिखी हैं। हर महिला चाहती है कि उसकी आंखें हमेशा आकर्षक व मनमोहक लगें और इसके लिए वह मेकअप का सहारा लेती हैं। आजकल तो स्मोकी आईज का बेहद ही चलन है। आपकी आंखें चाहें किसी भी प्रकार की हों, स्मोकी आईज मेकअप बेहद ही खूबसूरत व अटैक्टिव लगता है। स्मोकी आईज मेकअप किसी भी पार्टी के लिए एकदम परफेक्ट है। यह स्मोकी आईज मेकअप आपको एकदम स्टाइलिश दिवा का लुक देती है। इस मेकअप की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि यह इंडियन ड्रेसेज से लेकर वेस्टर्न सभी पर अच्छी लगती है।

## करें एक्सपेरिमेंट

वैसे तो स्मोकी आई मेकअप करने का अपना ही एक तरीका होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो इस एक्सपेरिमेंटल युग में स्मोकी आई मेकअप में कुछ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ समय पहले तक जहां स्मोकी आईज मेकअप के लिए सिर्फ ब्लैक या ग्रे कलर के आईशेडोज को ही तवज्जो दी जाती थी, वहीं अब कलर्स के साथ एक्सपेरिमेंट किया जाने लगा है। आजकल वर्ल्डवाइड ब्लैक व ग्रे के अतिरिक्त पर्पल, ब्लू व डार्क ब्राउन कलर्स का इस्तेमाल भी काफी बड़ी रेंज में किया जाने लगा है। आप दो शेड्स के कलर्स के आईशैडो भी यूज करके स्मोकी लुक क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन कलर्स का इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि वह मैट फिनिश ही हो। इस प्रकार के कलर आपको एक अलग लुक ही प्रदान करते हैं।

## स्किन टोन पर लगे सही

जब भी बात मेकअप ही होती है तो आपको कोई भी लुक, कलर या एसेसरीज का इस्तेमाल करते समय अपने चेहरे व स्किन टोन का ध्यान रखना बेहद आवश्यक होता है। कहते हैं कि हर प्रकार की महिला पर एक-सा मेकअप अच्छा नहीं लगता। ठीक इसी प्रकार, ऐसा जरूरी नहीं है कि स्मोकी आईज मेकअप करते समय दो महिलाओं पर एक ही शेड्स फबेंगे। यदि आपका रंग थोड़ा गेंहूआ या सांवला है तो बेहतर होगा कि आप ब्लैक या ब्लू कलर से दूरी बना कर रखें। इस स्किन टोन की महिलाओं पर ब्राउन कलर अधिक अच्छा लगता है। वहीं जिन महिलाओं का रंग गोरा है, वह किसी भी शेड्स का चयन कर सकती हैं।

## फिनिशिंग है मस्ट

स्मोकी आईज मेकअप करते समय जितना ध्यान कलर्स का रखना होता है, उतना ही फिनिशिंग भी जरूरी है। स्मोकी आईज मेकअप करने का मतलब यह है कि आपके फेस का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन आपकी आंखें ही हैं। ऐसे में उसे सही प्रकार की फिनिशिंग देना बेहद आवश्यक है। इसके लिए आप आईलाइनर सहित काजल व मस्कारा का सहारा ले सकती हैं। यदि आपने मेकअप करते समय मस्कारा अप्लाई नहीं किया तो आपकी आंखों का मेकअप अधूरा ही रह जाएगा और आप मनचाहा परिणाम प्राप्त नहीं कर पाएंगी।

## फेस मेकअप भी परफेक्ट

कोई भी मेकअप करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप अपने लिप्स या आंखों में से किसी एक पर ही फोकस रखें। मसलन, अगर आप ब्राइट लिपस्टिक यूज कर रही हैं तो आपका आईमेकअप लाइट होना चाहिए। वहीं अगर आप अपनी आंखों पर स्मोकी मेकअप अप्लाई कर रही हैं तो बेहतर होगा कि आप अपने फेस का बाकी मेकअप न्यूड ही रखें। फिर चाहे बात फाउंडेशन की हो या ब्लशर की, इन्हें बहुत हल्का ही इस्तेमाल करें। वहीं यदि आपके लिप्स यदि नेचुरली पिंक हैं तो आपके लिए सिर्फ ग्लॉस लगाना ही पर्याप्त रहेगा। अगर आप फिर भी लिपस्टिक इस्तेमाल करना चाहती हैं तो किसी भी लाइट कलर की मैट फिनिश लिपस्टिक का ही चयन करें। आईज व लिप्स दोनों पर डार्क कलर्स अप्लाई करने से चेहरा खूबसूरत दिखने की बजाय अजीब-सा लगने लगता है।

# एलोवेरा के ये नुकसान जानकर हो जाएंगे हैरान



एलोवेरा का पौधा शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल सेहत के साथ-साथ त्वचा को निखारने के लिए भी किया जाता है। एलोवेरा जैल से स्ट्रैच मार्क्स, रूखी त्वचा और स्किन की कई परेशानियों को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा कई लोग स्वस्थ शरीर के लिए एलोवेरा जूस का भी इस्तेमाल करते हैं लेकिन इन सब फायदों के साथ एलोवेरा के कई नुकसान भी हैं जिसके बारे में बहुत कम लोग ही जानते होंगे।

**1. हार्ट प्रॉब्लम :** एलोवेरा जूस का अधिक सेवन करने से शरीर में पोटेशियम की मात्रा घट जाती है जिससे दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है और हार्ट अटैक आने का खतरा बन जाता है।

**2. डायरिया :** इसमें लैक्सेटिव एंथ्राक्विनोन जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो पेट को नुकसान पहुंचाते है। एलोवेरा जूस का अधिक सेवन करने से डायरिया जैसी समस्या हो जाती है।

**3. गर्भपात :** गर्भवती महिलाओं के लिए एलोवेरा जूस काफी खतरनाक होता है। इसके सेवन से गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा जो महिलाएं स्तनपान करवाती हैं उन्हें भी एलोवेरा जूस का सेवन नहीं करना चाहिए।

**4. दवाओं का असर :** जो लोग किसी बीमारी की वजह से लंबे समय से दवाओं का सेवन करते हैं उन्हें भी इसका सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि एलोवेरा में मौजूद लैक्सेटिव गुण शरीर पर दवाओं का असर नहीं होने देते।

# भोजन के साथ न पीएं पानी हो सकते है नुकसान

पानी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे कई रोग दूर होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना-खाने के बाद, बीच या पहले पानी पीने से पाचन प्रक्रिया पर बहुत बुरा असर पड़ता है। आइए जानते हैं कि इस तरह पानी पीने के क्या नुकसान हो सकते हैं। खाना खाने के 1 घंटे बाद ही पानी पीएं। आइए जाने इसके नुकसान।

## न पीएं खाने के बीच पानी

खाने के बीच में पानी पीने से भोजन पच नहीं पाता और सीने में जलन होने लगती है।

## इन बातों का रखें ध्यान

1. भोजन को अच्छे से चबा कर खाएं। चबा कर खाने से खाना पच जाता है और पानी पीने की जरुरत भी नहीं रहती।
2. भोजन करते समय अगर खांसी आए तो पानी की जगह दूध या लस्सी का सेवन करें।
3. अगर आप कुछ तीखा या चटपटा खा रहे हैं तो प्यास लगने पर गिलास भर कर पानी न पीएं। सिर्फ 2 घूट ही पीएं।
4. खाने के 1 घंटे बाद गर्म पानी पीने से पाचन शक्ति ठीक रहती है और खाना पचने में मदद मिलती है।
5. खाना खाते समय कोल्ड ड्रिंक और जूस का सेवन न करें।
6. अगर भोजन तीखा, मिर्च-मसालेदार, नमकीन और खट्टा है तो पानी जरुर पीएं। ऐसे में पानी पीने से शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता।

# 100 बीमारियों की एक दवा है आंवला, आजमा कर देखिये



1. आंवले का सेवन वजन घटाने के लिए भी होता है। आंवला हमारे शरीर के फैट को बर्न करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

2. अगर आपको भूलने की आदत है तो जनाब देर किस बात की है... तुरंत बाजार जाएं और आंवला खरीदकर खाएं। याददाश्त बढ़ाने में आंवले का सेवन लाभदायक है। रोजाना आंवले का मुरब्बा खाने से दिमाग तेज होता है।

3. आंवले का पेस्ट चेहरे पर लगाने से त्वचा संबंधी कई समस्याओं से छुट्टी मिल सकती है। आंवला खाने से या चेहरे पर इसका पेस्ट लगाने से झुर्रियां नहीं आती, त्वचा साफ और निखरी रहती है। चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आंवले का इस्तेमाल करें। रोजाना एक आंवला खाने से आपकी त्वचा जवां बनी रहेगी।

4. रुखे और बेजान बालों से छुटकारा पाने के लिए आंवला बेहतरीन उपाय है। आंवला बालों के लिए प्राकृतिक टॉनिक है, जो बालों का विकास करने के साथ-साथ उन्हें झड़ने से भी रोकता है।

5. शुगर के मरीजों के लिए आंवले का जूस पीना लाभदायक होता है। आंवले का जूस पीने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। बता दें, आंवले का जूस लगातार पीने से मधुमेह की बीमारी का अंत संभव है।

6. पेट से जुड़ी समस्या जैसे कब्ज और एसिडिटी से छुटकारा पाने के लिए आंवले का सेवन करें।

7. आंवले का रस आंखों के लिए फायदेमंद है। आंवला आंखों से जुड़ी समस्याओं (मोतियाबिंद, कलर ब्लाइंडनेस, कम दिखना) से निजात दिलाने में सक्षम है।

8. अगर खुजली की समस्या से परेशान हैं तो आंवले के पाउडर को किसी भी तेल में मिलाकर खुजली वाली जगह पर मसाज करें।

9. आंवले में बैक्टीरिया और फंगस से लड़ने की क्षमता होती है। आंवला अल्सर, पेट में संक्रमण जैसी बीमारियों को खत्म करता है।

10. आंवले का जूस रोजाना पीने से कोलेस्ट्रोल लेवल कम करने में मदद मिलती है। आंवले में मौजूद एमिनो एसिड और एंटी ऑक्सीडेंट्स दिल के लिए फायदेमंद हैं।

11. महिलाओं में अक्सर वाइट डिस्चार्ज की समस्या देखी जाती है। ऐसे में आंवला पाउडर में शहद मिलाकर लगातार खाने से वाइट डिस्चार्ज की परेशानी से निजात पाया जा सकता है।

# इन फेस पैक से पाएं गोरी और निखरी त्वचा



हर लड़की चाहती है कि वो खूबसूरत दिखे लेकिन तेज धूप के कारण चेहरे की रंगत काली पड़ जाती है। इससे बचने के लिए लड़कियां कई तरह के प्रॉडक्टस का इस्तेमाल करती है लेकिन इनमें कैमिकल्स होने क कारण कई बार चेहरे को फायदे की जगह नुकसान पहुंचता है। ऐसे में इन घरेलू फेस पैक के इस्तेमाल से चेहरे की रंगत को निखारा जा सकता है।

**1. मिल्क पाउडर और नींबू :** 1 चम्मच मिल्क पाउडर में आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर पेस्ट तैयार करें। फिर इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट के बाद पानी से धो लें।

**2. ओटमील और दही :** ओटमील को रातभर पानी में भिगो कर रख दें। सुबह इसको ब्लैडर में पीस लें और फिर इसमें दही मिला कर पैक तैयार करें। इस पैक को चेहरे पर लगाएं और सूखने पर पानी से धो लें।

**3. आलू:** आलू के रस को चेहरे पर अच्छे से लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

**4. टमाटर और हल्दी :** 1 चम्मच टमाटर के रस में आधा चम्मच नींबू का रस और एक चुटकी हल्दी को मिला कर पैक तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें।

**5. बेसन :** 1 चम्मच बेसन में 2 चम्मच दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर 20 मिनट तक लगाएं

**6. पुदीना :** पुदीने के पत्तों को पीस कर पेस्ट तैयार करें। सूखने पर चेहरे को अच्छे से धो लें। इससे त्वचा की टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

**7. केला :** केले को पीस कर उसमें 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच दही मिला कर पेस्ट तैयार करें।



## रेसिपी

### पनीर चीज टोस्ट



1 1/2 स्पून तेल,

1/2 स्पून जीरा,

90 ग्राम प्याज, 1 स्पून हरी मिर्च, 1 स्पून अदरक का पेस्ट, 90 ग्राम टमाटर, 1/4 स्पून हल्दी,1/2 स्पून नमक,

1/2 स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 170 ग्राम पनीर, 1/2 टीस्पून मेंथी,

1 1/2 टेबलस्पून धनिया, ब्रेड स्लाइस, मोत्ज़ारेला पनीर, रेड चिली फ्लेक्स

#### विधि

एक पैन में तेल गर्म करके जीरा और प्याज डालें और अच्छे से भूनें। अब इसमें हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट डालकर 4-5 मिनट के लिए भूनें। फिर इसमें टमाटर, हल्दी, नमक, गरम मसाला और लाल मिर्च डालकर मिलाएं । इसके बाद इसमें पनीर, मेंथी और धनिया डालकर भूनें। अब एक ब्रेड स्लाइस लें और उसपर पनीर की भुर्जी, मोत्ज़ारेला पनीर और रेड चिली फ्लेक्स डालें। ओवन को 330°F/170°C के तापमान पर प्रीहीट करके ब्रेड स्लाइस को 7-10 मिनट के लिए बेक करें। पनीर चीज टोस्ट तैयार है, इन्हें सर्व करें।

### पापड़ पनीर फ्रिटर्स



1 कप चूरा किया हुआ पनीर, नमक स्वादअनुसार,
1 टेबल-स्पून कसा हुआ लहसुन,
1 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 2 टी-स्पून टमेटो कैचप, 1/3 कप मैदा,
3/4 कप क्रश किए हुए पापड़, तलने के लिए- तेल , परोसने के लिए : टमेटो कैचप

#### विधि

पनीर को प्लेट में रखकर अच्छी तरह गूंथ लें। नमक, लहसुन, लाल मिर्च पाउडर, टमेटो कैचप डालकर अच्छी तरह मिला लें। मिश्रण को 9 बराबर भाग में बांट लें और प्रत्येक भाग को 50 मिमी

(2) लंबे गोल आकार में रोल कर लें। एक तरफ रख दें। मैदा और 1/2 कप पानी को बाउल में अच्छी तरह मिला लें। प्रत्येक रोल को मैदा-पानी के पेस्ट में डुबोकर क्रश किए हुए पापड़ में लपेट लें और सभी तरफ सुनहरा और करारा होने तक तल लें। तेल सोखने वाले कागज में निकालकर, टमेटो कैचप के साथ तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**